


दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। बुधवार 01 अक्टूबर-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 282 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3





दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। बुधवार 01 अक्टूबर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# एसआईआर के बाद बिहार की मतदाता सूची जारी

## फाइनल लिस्ट में पटना में बढ़ गए 1.63 लाख वोटर्स



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले चुनाव आयोग ने राज्य की फाइनल वोटर सूची जारी की है। विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी करने के बाद आज मंगलवार (30 सितंबर 2025) को आयोग ने फाइनल वोटर लिस्ट अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित कर दी है। इसमें पटना में ड्राफ्ट लिस्ट के मुकाबले 1।63 लाख वोटर्स बढ़ गए हैं।

आयोग के अनुसार, अब कोई भी मतदाता आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपने नाम और विवरण को देख सकता है। वोटर लिस्ट में नाम दर्ज होने से ही मतदान का अधिकार सुनिश्चित होता है, इसलिए आयोग ने सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी प्रविष्टियां अवश्य जांच लें।

विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया के तहत नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं, मृतकों और डुप्लीकेट प्रविष्टियों को हटाया गया है तथा जिन मतदाताओं ने अपना स्थानांतरण कराया था, उनके पते अपडेट किए गए हैं। इस बार आयोग ने तकनीकी साधनों के इस्तेमाल पर विशेष जोर दिया है ताकि मतदाताओं को पारदर्शी और सटीक लिस्ट उपलब्ध कराई जा सके।

फाइनल वोटर लिस्ट के अनुसार, पटना जिले में अब कुल 48 लाख 15 हजार 294 मतदाता हैं। जबकि 1 अगस्त 2025 को जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में 46 लाख 51 हजार 694 मतदाता दर्ज थे।

एक महीने तक चली दावा और आपत्ति की प्रक्रिया के बाद जिले में कुल 1 लाख 63 हजार 600 नए वोटर्स जुड़ गए हैं। इसमें नए मतदाताओं का नाम जोड़ा गया, डुप्लीकेट और त्रुटिपूर्ण नाम हटाए गए तथा स्थानांतरण के मामलों को भी ठीक किया गया। बता दें कि एसआईआर प्रोसेस शुरू होने से पहले बिहार में कुल 7 करोड़ 89 लाख 69 हजार 844 वोटर्स थे। रक्फ्रप्रोसेस 25 जून से शुरू हुआ था। 1 अगस्त को जारी फॉर्मेट वोटर लिस्ट में 7 करोड़ 24 लाख 5 हजार 756 वोटर्स का नाम था, जिसमें 65।63 लाख लोगों का नाम कटा हुआ था।

# हो गई मेरठ सहारनपुर मंडल में एमएलसी-स्नातक और शिक्षक चुनाव की तैयारियां शुरू

## निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण की आ गई तारीख और हो गया अभियान शुरू

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एमएलसी चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। दैनिक करंट क्राइम ने पहले से ही प्रकाशित किया था कि एमएलसी चुनाव की सरगर्मी शुरू हो चुकी है। मेरठ वाली बैठक में भी एमएलसी चुनाव का मुद्दा छाया रहा था और पंचायत तथा एमएलसी चुनाव की तैयारियों को लेकर फीड बैक दिया गया था। सभी से ये कहा गया था कि वो मतदाता बनाने का काम शुरू करें। अब व्यापक स्तर पर इसकी घोषणा हो गई है। मेरठ मंडल आयुक्त ने एमएलसी चुनाव की वोटर लिस्ट को पुनरिक्षण अभियान के लिये घोषणा की।

मंडलायुक्त ने सूचित किया कि मेरठ तथा सहारनपुर मंडल में जो जिले शामिल होते हैं उन सभी जिले के नागरिकों को ये सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर एक नवंबर 2025 के आधार पर उत्तर प्रदेश विधान परिषद मेरठ खण्ड स्नातक तथा खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचन नामावलियों में पुनरिक्षण हेतु आयोग ने कार्यक्रम जारी किया है। मेरठ और सहारनपुर मंडल में ये अभियान शुरू होगा और निर्वाचक नामावलियों के पुनरिक्षण तैयारी के संबंध में मंडल आयुक्त स्तर पर घोषणा कर दी गई है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधान परिषद चुनाव की तैयारियों को लेकर ये कार्यक्रम तय किया गया है। विधान परिषद मेरठ खण्ड स्नातक और खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र मेरठ तथा सहारनपुर मंडल में जितने भी जिले आते हैं उन सभी जिलों में स्थित मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची में शामिल होने की पात्रता रखने वाले नागरिकों से पंजीकरण के संबंध में उनका दावा फार्म-18 और फार्म-19 पर लिया जाएगा। फार्म-18 स्नातक एमएलसी चुनाव के लिये और फार्म-19 शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिये होगा। सभी मतदान केंद्रों पर पद नामित अधिकारी और अतिरिक्त पद नामित अधिकारियों की तैनाती की गई है। ये सभी पद नामित अधिकारी 30 सितंबर से लेकर छह नवंबर तक कार्यालय समय के अनुसार अपने-अपने संबंधित मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहकर पंजीकरण के संबंध में जन सामान्य से उनके आवेदन प्राप्त करेंगे।

### ये रहेगी शिक्षक और स्नातक एमएलसी चुनाव के मतदाता की योग्यता

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। एमएलसी चुनाव की तैयारी शुरू हो गई। इसका पब्लिक नोटिस जारी हो गया और बता दिया गया कि 30 सितंबर से लेकर 6 नवंबर तक सभी संबंधित अधिकारी मतदान केंद्रों पर मिलेंगे। पंजीकरण की जानकारी दे दी गई है और जो भी मतदाता अपने नाम का पंजीकरण कराना चाहते हैं वो संबंधित मतदान केंद्र, तहसील कार्यालय, विकास खण्ड कार्यालय, जिला निर्वाचन कार्यालय से निशुल्क फार्म प्राप्त कर सकते हैं। विधान परिषद मेरठ खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता के लिये पंजीकरण कराने के लिये आवेदनकर्ता को 1 नवंबर 2025 से 3 वर्ष पहले स्नातक होना जरूरी है। जब वो आवेदन करेंगे तो उन्हें अपने आवेदन पत्र के साथ मार्कशीट और डिग्री की प्रमाणित छायाप्रति, अपने निवास प्रमाण पत्र की प्रति लगानी होगी। इसी तरह शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की वोटर लिस्ट में पंजीकरण के लिये आवेदक को भारत निर्वाचन आयोग की सहमति से संबंधित राज्य सरकार के ऐसे शैक्षणिक स्थान जिसका स्तर माध्यम विद्यालय से कम ना हो में शिक्षण कार्य में कम से कम कुल 3 वर्ष की अवधि तथा एक नवंबर 2025 को तीन वर्ष शिक्षक कार्य का अनुभव होना जरूरी है। भारत निर्वाचन आयोग की ये मंशा है कि सभी पात्र नागरिकों के नाम विधान परिषद खण्ड स्नातक और खण्ड शिक्षक निर्वाचक नामावलियों में दर्ज हों।

### नोटिस जारी से लेकर वोटर लिस्ट के प्रकाशन तक ये रहेगा चार्ट

करंट क्राइम। मेरठ और सहारनपुर मंडल एमएलसी चुनाव को लेकर जो चार्ट जारी हुआ है उसके अनुसार 30 सितंबर मंगलवार को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960 के अंतर्गत सार्वजनिक नोटिस जारी किया गया। 15 अक्टूबर बुधवार को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960 के नियम संख्या-31 (4) के अंतर्गत समाचार पत्रों में नोटिस का प्रथम पुन: प्रकाशन होगा। 25 अक्टूबर दिन शनिवार को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960 के नियम संख्या-31 (4) के अंतर्गत समाचार पत्रों में नोटिस का द्वितीय पुन: प्रकाशन होगा। इसके बाद 6 नवंबर गुरुवार को फार्म संख्या-18 या 19 में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि है। उसके बाद 20 नवंबर गुरुवार को निर्वाचक नामावलियों की पांडुलिपि तैयार होगी और आलेख छपाई के लिये भेजे जाएंगे। 25 नवंबर को निर्वाचन नामावलियों का प्रकाशन होगा। 25 नवंबर से लेकर 10 दिसंबर तक निर्वाचक नामावली यानी वोटर लिस्ट को लेकर दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अवधि होगी। इसके बाद 26 दिसंबर को दावे और आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा और अनुपूरक सूची तैयार और मुद्रित की जाएगी। 30 दिसंबर को निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन हो जाएगा। इस तरह से ये एमएलसी चुनाव का बिगुल बज गया है। पार्टी जब उम्मीदवार घोषित करेंगी तब करती रहेंगी, लेकिन निर्वाचन आयोग ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत एक दिन की एडिशनल सीपी बनी छात्रा वंशिका

## तो डीसीपी बनी ईशिका, पल्लवी और शीतल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत छात्राओं को नेतृत्व और जिम्मेदारी का अनुभव कराने के लिए गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में उन्हें एक दिन की एडिशनल सीपी तो अलग-अलग जोन की डीसीपी भी बनाया गया है। तो मिशन शक्ति के तहत एडिशनल सीपी की जिम्मेदारी भी संभाली। अभियान के अंतर्गत सुशीला गर्ल्स इंटर कॉलेज की कक्षा 10वीं की छात्रा वंशिका को एडिशनल सीपी मुख्यालय एवं अपराध बनाया गया। इस दौरान वंशिका ने अधिकारी की तरह जनसुनवाई कर जनता की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।









### यह बनीं डीसीपी

करंट क्राइम : एक दिन की डीसीपी के तौर पर ईशिका (कक्षा 10, महर्षि विद्यापीठ स्कूल) डीसीपी नगर, पल्लवी (कक्षा 10, महर्षि दयानन्द विद्यापीठ स्कूल) डीसीपी ग्रामीण और शीतल शर्मा (कक्षा 12, कैलाशवती इंटर कॉलेज) डीसीपी ट्रांस हिंडन बनी। इन सभी छात्राओं ने डीसीपी की तरह जनसुनवाई की, आमजन की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

# इधर शुरू हुई रेन, उधर लिया पेन

## रामलीला कमेटी ने युद्ध स्तर पर शुरू कराया काम





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुल्लामल रामलीला कमेटी इन दिनों नए अंदाज में है। मंगलवार को जैसे ही बारिश शुरू हुई वैसे ही मेला कमेटी ने काम संभाला और मैदान में जलभराव से निपटने के लिए रैन कोट पहने हुए सफाईकर्मियों की टीमें आ गईं। यह नजारा पहली बार देखने को मिला।

मेला प्रबंधक मोहित मित्तल ने स्वयं बारिश में खड़े होकर पूरी व्यवस्थाओं को संभाला। रामलीला कमेटी के प्रदाधिकारी व्यवस्था बनाने में जुटे रहे। यह पहली बार था कि वर्षा शुरू होते ही जलभराव से निपटने के लिए और मैदान में जलभराव न हो इसके लिए व्यवस्था की गई थी। रामलीला कमेटी और मेला प्रबंधक ने मिलकर यहां व्यवस्था को संभाला।

# आईएएस आर.के. सिंह का सेवा विस्तार, एक साल तक संभालेंगे यीडा सीईओ का पद



**लखनऊ/गाजियाबाद।** राज्य सरकार ने 2009 बैच के तेज-तर्रार आईएएस अधिकारी राकेश कुमार सिंह को सेवा विस्तार देने का बड़ा फैसला लिया है। शासनादेश के अनुसार, वे अब 30 सितंबर 2026 तक यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी बने रहेंगे। शासन ने यह निर्णय उनकी सेवानिवृत्ति की तिथि (30 सितंबर 2025) से ठीक पहले लिया। सचिव औद्योगिक विकास प्रांजल यादव द्वारा मंगलवार को आदेश जारी कर कहा गया कि उन्हें पुनर्नियोजन की स्वीकृति राज्यपाल से प्राप्त हुई है। सेवा विस्तार की अवधि के दौरान उन्हें अंतिम आहरित वेतन से पेंशन की राशि घटाकर वेतन और भत्ते नियमानुसार मिलेंगे।

### अनुभव और कार्यशैली

करंट क्राइम। राकेश कुमार सिंह ने प्रशासनिक सेवा के दौरान कई अहम पदों पर काम किया है। वह गाजियाबाद और कानपुर के जिलाधिकारी रह चुके हैं और दोनों ही जनपदों में विकास कार्यों और प्रशासनिक सख्ती के लिए चर्चित रहे। उनके कार्यकाल को हमेशा प्रभावी और जनहितकारी माना गया।

### वर्किंग से बनाते हैं खास पहचान

करंट क्राइम। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गुड वर्किंग लिस्ट में उनका नाम लगातार शीर्ष पर शामिल रहा है। यही कारण है कि सेवानिवृत्ति की तिथि नजदीक आने पर भी सरकार ने उन्हें यीडा जैसे महत्वपूर्ण पद पर सेवा विस्तार देना जरूरी समझा।

# मिशन शक्ति के तहत हर जोन में महिला अधिकारी दे रही हैं संदेश

## आईपीएस से लेकर सब इंस्पेक्टर निभा रही हैं महत्वपूर्ण जिम्मेदारी









**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शासन की मंशा के अनुरूप पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में मिशन शक्ति 5.0 लगातार प्रमुखता के साथ चलाया जा रहा है। कभी महिला पुलिस अधिकारी हाफ एनकाउंटर में भूमिका निभा रही हैं। तो कभी स्कूली छात्राएं आईपीएस और वरिष्ठ अधिकारियों की कुर्सी पर बैठकर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी और भूमिका निभाने का काम कर रही हैं। इसी के साथ पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में आईपीएस अधिकारी से लेकर महिला सब इंस्पेक्टर कानून व्यवस्था की स्थिति को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट द्वारा जहां प्रदेश में महिला टीम द्वारा हाफ एनकाउंटर किया गया है। तो वहीं महिला ब्रिगेड ने दिनदहाड़े चोर के साथ मुठभेड़ कर नई की कहानी लिखी है। इसके साथ ही लगातार मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण का संदेश अलग-अलग कार्यक्रमों के जरिए दिया जा रहा है।













### 9 दिन दिखाई दिए महिला पुलिस के अलग-अलग रूप

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में जहां महिला आईपीएस अधिकारी लिपि नगायच एसीपी मसूरी के तौर पर अपनी सेवाएं देने का काम कर रही हैं। तो एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल भी लगातार एंकाउंटर पर एंकाउंटर कर रही हैं। इसी के साथ एसीपी उपासना पांडे नंदग्राम सर्किल की कमान संभाले हुए हैं। तो साहिबाबाद सर्किल में एसीपी श्वेता यादव भी लगातार गुडवर्क कर रही हैं। इसी तरह महिला एवं अपराध रोकथाम के लिए एसीपी सलोनी अग्रवाल, एसीपी श्वेता कुमारी भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वहीं महिला थाना अध्यक्ष के तौर पर रितु त्यागी और क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने की प्रभारी सविता चौधरी भी लगातार बदमाशों को सबक सिखाने का काम कर रही हैं। इसके साथ ही उपनिरीक्षक अलका और संदीपा मलिक के साथ ही दर्जनों महिला पुलिसकर्मी पिंक बूथ से लेकर अलग-अलग काम कर रही हैं। कुल मिलाकर कहा जाए तो गाजियाबाद पुलिस की महिला ब्रिगेड के 9 दिन अलग-अलग रूप देखने को मिले हैं।

# ऑपरेशन कन्विक्शन में आरोपी साले को उम्रकैद



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना इंदिरापुरम क्षेत्र से संबंधित हत्या के मुकदमे में अभियुक्त सुल्तमत कुमार ज्ञानखण्ड-4, इंदिरापुरम को अदालत ने आजीवन कारावास एवं 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

मामला वर्ष 2019 का है, जब अभियुक्त ने बेरोजगार होने के बाद पारिवारिक विवाद के चलते अपनी पत्नी, दो बेटों और एक बेटी की गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी थी। घटना की रिपोर्ट मृतका के भाई द्वारा थाना इंदिरापुरम में दर्ज कराई गई थी।

पुलिस निरीक्षक संदीप कुमार सिंह ने वैज्ञानिक साक्ष्यों एवं पुख्ता सबूतों के आधार पर विवेचना पूरी की और अभियुक्त के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया। वहीं, सरकारी अधिवक्ता संजीव कुमार की प्रभावी पैरवी से अभियुक्त को दोषसिद्ध करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश, कोर्ट संख्या-4 ने सख्त सजा सुनाई।

गंभीर एवं जघन्य अपराधों में दोषियों को कठोर दंड दिलाना ही ऑपरेशन कन्विक्शन का उद्देश्य है।

## संपादकीय

# भारत-रूस संबंध: सम्मान की मिसाल

भारत और रूस के बीच पुराने और मित्रतापूर्ण संबंध रहे हैं और दोनों देश एक-दूसरे का सम्मान करते रहे हैं। इस क्रम में रूस ने कभी भी इस बात के लिए दबाव नहीं बनाया कि भारत किसी अन्य देश के साथ कैसा संबंध रखे। दुनिया भर में बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बीच रूस के विदेश मंत्री ने भारत के अन्य देशों के साथ संबंधों को लेकर जो कहा है, उसे एक परिपक्व टिप्पणी कहा जा सकता है। दरअसल, पिछले कुछ समय से अमेरिका ने आर्थिक मोर्चे पर जिस तरह तेज रफ्तार से नीतिगत फैसले किए हैं, उसके केंद्र में सिर्फ अपना हित सुनिश्चित करने के लिए दूसरे देशों के हितों को नजरअंदाज करने से लेकर उन पर दबाव बनाने तक का रवैया शामिल है। इस क्रम में भारत कुछ ज्यादा ही निशाने पर लगता है, क्योंकि अमेरिका ने शुल्क लगाने से लेकर रूस से तेल आयात करने पर जुमार्ना लगा कर कई तरह से भारत पर दबाव बनाने की कोशिश की।

मगर भारत के लिए सबसे अहम चुनौती यह है कि वह किसी भी देश के नाहक दबाव के सामने किस हद तक समझौता कर सकता है। ऐसी स्थिति में भारत ने अपनी स्वतंत्र नीति पर अमल जारी रखा और अमेरिका के बहुस्तरीय दबाव के बावजूद अपने स्तर पर कूटनीतिक फैसले लिए। इसके तहत भारत ने बिना किसी आग्रह के यह तय किया कि किस देश के साथ उसे कैसा संबंध रखना है और किसे अपने सहयोगी के रूप में तरजीह देना है। रूस ने हमेशा से भारत की स्वतंत्र विदेश नीति का किया सम्मान कायदे से भारत के इस रुख से किसी भी देश को उज्र नहीं होना चाहिए था, क्योंकि इसमें अन्य देशों की उपेक्षा या किसी के विरुद्ध कोई नीतिगत दखलअंदाजी नहीं है। इस लिहाज से देखें तो रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव का यह बयान महत्त्वपूर्ण है कि रूस ने हमेशा से भारत की स्वतंत्र विदेश नीति का सम्मान किया है और रूस को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि भारत का दूसरे देशों के साथ कैसा रिश्ता है। लावरोव ने यह भी कहा कि अमेरिका के साथ भारत के संबंध कैसे रहते हैं, इसे लेकर भी रूस को कभी चिंता नहीं हुई। जाहिर है, रूसी विदेश मंत्री का बयान एक स्वतंत्र और संप्रभु देश के रूप में भारत के कूटनीतिक फैसलों का सम्मान करने के साथ-साथ अपने ऊपर भरोसे की भी अभिव्यक्ति है। यह छिपा नहीं है कि भारत और रूस के बीच दूरी बनाने के मकसद से अमेरिका ने भारत पर रूस से तेल न खरीदने का दबाव बनाने की भी कोशिश की। यह एक तरह से अमेरिका के अपने असुरक्षाबोध का सूचक और जल्दबाजी में किया गया फैसला था। मगर भारत ने अपनी जरूरत और हितों के अनुरूप ही इस संबंध में अपना रुख तय किया और रूस से तेल की खरीदारी जारी रखी। भारत अपने फैसले लेने में सक्षम यों भी, भारत और रूस के बीच पुराने और मित्रतापूर्ण संबंध रहे हैं और दोनों देश एक-दूसरे का सम्मान करते रहे हैं। इस क्रम में रूस ने कभी भी इस बात के लिए दबाव नहीं बनाया कि भारत किसी अन्य देश के साथ कैसा संबंध रखे। इसे भी रूसी विदेश मंत्री ने दर्ज किया और कहा कि भारत अपने फैसले लेने में सक्षम है।

# वित्त मंत्री से मिले जोहो फाउंडर कहा लोकल स्तर पर बन रहे सभी प्रोडक्ट्स

**नई दिल्ली।** जोहो के संस्थापक श्रीधर वेम्बू ने मंगलवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। यह मुलाकात ऐसे समय पर हुई जब सरकार अधिक से अधिक भारतीय उत्पादों के उपयोग पर जोर दे रही है। इस बीच, जोहो फाउंडर ने कहा है कि कंपनी के सभी उत्पाद स्थानीय स्तर पर विकसित किए जाते हैं और दुनियाभर से होने वाली आय पर भारत में कर चुकाया जाता है



जोहो के सह-संस्थापक श्रीधर वेम्बू ने सोशल मीडिया पर फैल रही गलत सूचनाओं के बीच अपनी कंपनी के विकास, डेटा होस्टिंग और वैश्विक संचालन से जुड़ी अहम जानकारियों पर अपना रुख साफ किया है। एक सोशल पोस्ट में वेम्बू ने जोर देकर कहा कि सभी जोहो उत्पाद भारत में विकसित किए जाते हैं और कंपनी अपनी वैश्विक आय पर भारत में कर चुकाती है। कंपनी की वैश्विक मौजूदगी से जुड़े सवालों का जवाब देते हुए वेम्बू ने कहा कि जोहो का वैश्विक मुख्यालय चेन्नई में है और कंपनी के 80 से अधिक देशों में कार्यालय हैं। अमेरिका में भी कंपनी की मजबूत उपस्थिति है, यह कंपनी के प्रमुख बाजारों में से एक है।

ग्राहकों के डेटा पर वेम्बू ने साफ किया कि भारतीय ग्राहकों का डेटा भारत में, विशेष रूप से मुंबई, दिल्ली और चेन्नई में होस्ट किया जाता है। जल्द ही ओडिशा में भी इसके विस्तार की योजना है। उन्होंने आगे बताया कि जोहो के दुनिया भर में 18 से अधिक डेटा सेंटर हैं। इनमें से हर एक संबंधित देश या क्षेत्र का डेटा होस्ट करता है। जोहो फाउंडर ने साफ किया कि कंपनी के उत्पाद अहर, जैसे प्रमुख क्लाउड प्लेटफॉर्म पर होस्ट नहीं किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि कंपनी का मैसेजिंग प्लेटफॉर्म अ१३३ इनमें से किसी भी क्लाउड प्रदाता पर होस्ट नहीं किया गया है। केवल क्षेत्रीय स्विचिंग नोड्स के लिए कुछ सेवाओं का उपयोग ट्रैफिक को तेज करने के लिए किया जाता है। यह काम उन पर डेटा स्टोर किए बिना किया जाता है। वैश्विक एप स्टोर पर जोहो की मौजूदगी पर उन्होंने बताया कि एपल एप स्टोर और गूगल प्ले स्टोर में उनके डेवलपर अकाउंट में अमेरिकी कार्यालय का पता दर्ज है।

## भारत-ईएफटीए व्यापार समझौता आज से लागू होगा

### अगले 15 वर्षों में 100 अरब डॉलर का निवेश



**नई दिल्ली।** यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के सदस्य आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। भारत ने इन देशों के साथ 10 मार्च, 2024 को व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। यह समझौता 1 अक्तूबर से लागू हो रहा है। इस समझौते के लागू होने के बाद घरेलू ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले स्विस उत्पाद जैसे घड़ियां, चॉकलेट, बिस्कुट और घड़ियां कम कीमत पर उपलब्ध होंगी।

भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ईएफटीए के बीच मुक्त व्यापार समझौता बुधवार से लागू होगा। इसके तहत ईएफटीए के देशों ने भारत को 15 साल में 100 अरब डॉलर के निवेश का भरोसा दिया है। इसके अलावा स्विस घड़ियों, चॉकलेट और कटे व पॉलिश किए गए हीरों जैसे कई उत्पादों पर कम या शून्य शुल्क की अनुमति दी गई है।

यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के सदस्य आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। इस पर 10 मार्च, 2024 को हस्ताक्षर किए गए थे। घरेलू ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले स्विस उत्पाद जैसे घड़ियां, चॉकलेट, बिस्कुट और घड़ियां कम कीमत पर उपलब्ध होंगी। भारत व्यापार समझौते के तहत इन वस्तुओं पर सीमा शुल्क को 10 वर्षों में चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर देगा।

समूह ने 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है- समझौते के कार्यान्वयन के बाद 10 वर्षों के भीतर 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर तथा अगले पांच वर्षों में 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर - जिससे भारत में दस लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। यह भारत की ओर से अब तक साइन किए गए किसी भी व्यापार समझौते में अपनी तरह की पहली प्रतिज्ञा है।

# लगातार आठवें दिन बाजार में गिरावट

## सेंसेक्स 97 अंक टूटा, निफ्टी 24700 के नीचे

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन यानी मंगलवार को मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 97.32 अंक गिरकर 80,267.62 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 23.80 अंक गिरकर 24,611.10 अंक पर आ गया। बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी मंगलवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद गिरावट के साथ बंद हुए। विदेशी फंडों की लगातार निकासी और आरबीआई के ब्याज दर निर्णय से पहले सतर्कता के कारण लगातार आठवें कारोबारी सत्र में गिरावट दर्ज की गई। विश्लेषकों ने कहा कि बुधवार को आरबीआई के ब्याज दर निर्णय से पहले बाजार में सतर्कता का माहौल है। शुरूआती बढ़त गंवाते हुए, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 97.32 अंक या 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,267.62 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, इसने 80,677.82 के उच्चतम और 80,201.15 के निम्नतम स्तर को छुआ। आठ कारोबारी दिनों में, सेंसेक्स



2,746.34 अंक या 3.30 प्रतिशत टूट चुका है। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 23.80 अंक या 0.10 प्रतिशत गिरकर 24,611.10 पर आ गया। नेट और बैंकिंग शेयरों में तेजी रही, जबकि रियल्टी और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं के शेयरों में बिकवाली का दबाव रहा। सेंसेक्स की कंपनियों का हाल सेंसेक्स की कंपनियों में आईटीसी, भारती एयरटेल, ट्रेंट, बजाज फिनसर्व, टाइटन और रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमुख रूप से पिछड़ने वाले शेयर रहे।

### यूरोपीय बाजारों में रहा मिला-जुला रुख

एशियाई बाजारों में, शंघाई का एसएसई कंपोजिट इंडेक्स और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए, जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी और जापान का निक्केई 225 इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजारों में मिला-जुला रुख रहा। सोमवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।

### ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 67.29 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा

वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 1 प्रतिशत गिरकर 67.29 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 2,831.59 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 3,845.87 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने सोमवार को अपनी तीन दिवसीय विचार-विमर्श बैठक शुरू की। आरबीआई की ब्याज दर निर्धारण समिति का फैसला बुधवार को घोषित किया जाएगा।

# आरबीआई ने बैंकों के लिए जारी किए सात नए नियम, अब गोल्ड लोन लेना होगा आसान

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों के लिए सात नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। इनमें ब्याज दरों, गोल्ड और सिल्वर के बदले ऋण देना, और पूंजी नियमन से जुड़े नियम शामिल हैं। ये बदलाव 1 अक्तूबर 2025 से लागू होंगे। इसके साथ ही, केंद्रीय बैंक ने चार नए मसौदा दिशानिर्देश भी जारी किए हैं। माना जा रहा है कि इससे ग्राहकों के साथ-साथ बैंकों को भी फायदा होगा।




**फ्लोटिंग रेट लोन पर नई व्यवस्था**

आरबीआई ने इंटरेस्ट रेट ऑन एडवांसेज (संशोधन निर्देश), 2025 के तहत फ्लोटिंग रेट लोन के नियम बदले हैं। अभी तक बैंक तीन साल में ही स्प्रेड बदल सकते थे, लेकिन अब उधारकर्ताओं के हित में यह पहले भी कम किया जा सकेगा। साथ ही, एटक-आधारित पर्सनल लोन पर रीसेट के समय फिक्स्ड रेट में बदलने का विकल्प अब अनिवार्य न होकर बैंकों के विवेक पर होगा।

**गोल्ड और सिल्वर के बदले कर्ज**

सोने और चांदी के बदले ऋण (प्रथम संशोधन निर्देश), 2025 के तहत अब सिर्फ ज्वैलर्स ही नहीं, बल्कि वे उद्योग भी पात्र होंगे जो सोने का इस्तेमाल कच्चे माल के रूप में करते हैं। इसके अलावा, टियर-3 और टियर-4 शहरी सहकारी बैंकों को भी इस तरह के ऋण देने की अनुमति दी गई है।

**पूंजी नियमन में संशोधन**

कैपिटल रेगुलेशंस के तहत परपेचुअल डेट इंस्ट्रूमेंट्स और विदेशी मुद्रा या रुपया मूल्यवर्ग बांडों पर नियम स्पष्ट किए गए हैं। ये केवल अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर) पर लागू होंगे।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनियाभर में सभी उम्र के 350 मिलियन लोग अवसाद से ग्रस्त हैं।
- मादक द्रव्यों के सेवन संबंधी समस्याओं के लगभग 30% लोग भी अवसाद से पीड़ित हैं।
- पुरुषों की तुलना में महिलाओं में लगभग दो गुणा अधिक होने की वजह से प्रमुख अवसाद से पीड़ित हैं।
- जिन लोगों में से 15% अवसाद से ग्रस्त होते हैं, वे हर साल अपनी जान लेते हैं।
- अवसाद के कारण आपको सामान्य रूप से 3 से 4 गुना अधिक सपने आते है।
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (एनआईएच) के मुताबिक, 6% से अधिक बच्चे अवसाद से ग्रस्त हैं और उनमें से 4.9% की बड़ी अवसाद है।
- गंभीर अवसाद कोशिकाओं में बुढ़ापे की प्रक्रिया को बढ़ाकर हमें जैविक रूप से अधिक उम्र का बना सकता है।
- अवसाद के लगभग 80% पीड़ित उपचार प्राप्त नहीं कर रहे हैं।
- हास्य कलाकारों और हास्यास्पद लोगों पर किए गए शोध से पता चला है कि वे आमतौर पर औसत से अधिक उदास हैं।

## राशिफल

**मेष:** राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण होंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी।

**वृष:** भूमि व भवन की खरीद-फरोख्त लाभदायक रहेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। कुसंगति से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे।

**मिथुन:** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। प्रसन्नता तथा मनोरंजन के साधन उपलब्ध होंगे।

**कर्क:** बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। मेहनत अधिक होगी। लाभ के अवसर टलेंगे। समय पर बाहर से धन नहीं मिलने से निराशा रहेगी। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें।

**सिंह:** सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**कन्या:** पुराने साथियों तथा रिश्तेदारों से मुलाकात सुखद रहेगी। अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। मान बढ़ेगा। किसी नए उपक्रम को प्रारंभ करने पर विचार होगा।

**तुला:** नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। नए काम मिल सकते हैं। कार्य से संतुष्टि रहेगी।

**वृश्चिक:** फालतू खर्च होगा। शत्रुओं से सावधानी आवश्यक है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कोई भी निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**धनु:** डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा मनोनुकूल रहेगी। नए काम हाथ में आएंगे। कारोबारी वृद्धि से प्रसन्नता रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें।

**मकर:** योजना फलीभूत होगी। कार्यपद्धति में सुधार होगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। मेहनत सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मान-सम्मान मिलेगा।

**कुंभ:** अध्यात्म में रुचि रहेगी। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का मौका हाथ आएगा। सुख-शांति बने रहेंगे। कारोबार मनोनुकूल चलेगा।

**मीन:** अज्ञात भय रहेगा। अनहोनी की आशंका रहेगी। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

## चुटकुले

पप्पू स्कूल में गधा लेकर आया
टीचर- यह क्यों लेकर आए हो?
पप्पू- मैम, आप ही तो कहती हो कि मैंने बड़े से बड़े गधों को इंसान बनाया है...
तो मैंने सोचा कि इसका भी भला हो जाए...

संता: मैंने कल तुझे कितनी बार फोन मिलाया, तुमने उठाया क्यों नही?
बंता: क्यों उठाऊं फोन? कल जो मैंने 30 रुपये देकर जो गाना लगवाया है वो क्या तुम्हारा बाप सुनेगा

लड़का: शादी कर लो मुझसे।
लड़की: क्यों?
लड़का: बहुत डिमांड में हूं।
पूरा देश मुझे ढूंढ रहा है।
लड़की: कौन हो तुम?
लड़का: विकास...




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

**दैनिक करंट क्राइम**
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364
सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# 18 छक्के-चौके, 58 गेंदों में शतक : वैभव सूर्यवंशी की मार से रोएगा ऑस्ट्रेलिया




**नई दिल्ली।** वैभव सूर्यवंशी की मार से फिर रोएगा ऑस्ट्रेलिया। ठीक एक साल बाद चलकर आया है बड़ा मौका। वही टीम है, वही फॉर्मेट और तारीख भी वही। तो क्या 1 अक्टूबर 2024 की तरह 1 अक्टूबर 2025 को भी वैभव सूर्यवंशी के बल्ले से तूफानी शतक लगता दिखेगा? एक साल बाद वो फिर से एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाते दिखेंगे? वैभव सूर्यवंशी ने एक साल पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मल्टी डे मैच में अपनी जो चमक चेन्नई में बिखेरी थी, क्या वैसी ही आग वो अब ब्रिसबेन में भी लगाते दिखेंगे? इन सवालों के जवाब के लिए पहले तो ये जानिए कि वैभव सूर्यवंशी ने एक साल पहले यानी 1 अक्टूबर 2024 को ऑस्ट्रेलिया की अंडर 19 टीम के खिलाफ किया क्या था? वो मुकाबला वैभव सूर्यवंशी के लिए बड़ा खास था, क्योंकि उस मुकाबले से उन्होंने अंडर 19 मल्टी- डे फॉर्मेट में डेब्यू किया था। लेकिन, असली कमाल तब हुआ जब वैभव ने अपने डेब्यू पर ही धमाका कर दिया। चेन्नई के मैदान पर ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की पिटाई करते हुए उन्होंने सिर्फ 58 गेंदों में ही तूफानी शतक जड़ दिया, जिसमें 14 चौके और 4 छक्के मिलाकर कुल 18 छक्के-चौके शामिल रहे। वैभव सूर्यवंशी ने 1 अक्टूबर 2024 को ऑस्ट्रेलिया की अंडर 19 टीम के खिलाफ खेली उस पूरी पारी में 62 गेंदों पर 104 रन बनाए थे। उस पारी को खेलते ही उनके नाम एक वर्ल्ड रिकॉर्ड भी दर्ज हो गया था। वो इंटरनेशनल यूथ टेस्ट मैच में शतक लगाने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के बल्लेबाज बन गए थे। अब सवाल है कि एक साल बाद 1 अक्टूबर 2025 को वैभव सूर्यवंशी ऑस्ट्रेलिया की अंडर 19 टीम के खिलाफ यूथ टेस्ट मैच में क्या करेंगे? कौन सा रिकॉर्ड बनाएंगे? फर्क बस इतना है कि इस बार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वो जो कमाल करेंगे उसकी स्क्रिप्ट अपने घरेलू मैदान पर ना लिखकर ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर लिखते दिखेंगे।

भारत और ऑस्ट्रेलिया की अंडर 19 टीमों के बीच पहला पहला मल्टी डे मैच 30 सितंबर से 3 अक्टूबर तक ब्रिसबेन में खेला जा रहा है। इस मुकाबले के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 243 रन बनाए। इसी के साथ पहले दिन का खेल भी खत्म हो गया। और, अब 1 अक्टूबर 2025 को मुकाबले के दूसरे दिन भारत की अंडर 19 टीम जब अपनी पहली पारी खेलने उतरेगी, तो सबकी निगाहें वैभव सूर्यवंशी पर रहेंगी।

# श्रेया घोषाल की मधुर आवाज ने किया दर्शकों को मंत्रमुग्ध... राष्ट्रगान से गूंज उठा स्टेडियम, वर्ल्ड कप की धमाकेदार शुरूआत

**गुवाहटी।** आईसीसी महिला वर्ल्ड कप 2025 का उद्घाटन समारोह गुवाहाटी में बहुत धूमधाम से हुआ। भारत की मशहूर गायिका श्रेया घोषाल ने इस मौके पर राष्ट्रगान गाया। उनके राष्ट्रगान ने स्टेडियम में मौजूद सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने अपनी भावपूर्ण आवाज से एक अविस्मरणीय समां बांध दिया। उद्घाटन मैच भारत और श्रीलंका की टीमों के बीच खेला जा रहा है। हालांकि, यह महत्वपूर्ण मैच बारिश के कारण बीच में ही दो बार रुक भी गया।



## श्रेया घोषाल ने बांधा समा

मैच शुरू होने से पहले ही एक खास पल ने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। यह खास पल भारत की अपनी प्लेबैक गायिका श्रेया घोषाल ने बनाया। उन्होंने इस अवसर पर एक पारंपरिक भारतीय साड़ी पहनी थी। घोषाल ने राष्ट्रगान को बहुत ही भावपूर्ण और मधुर तरीके से गाया। उनकी आवाज ने तुरंत ही भीड़ में एक नया जोश भर दिया। उनकी मधुर आवाज और शालीन प्रस्तुति ने इस आयोजन में एक गहरा सांस्कृतिक रंग जोड़ा। स्टेडियम के अंदर हजारों लोग खड़े होकर तालियां बजाने लगे। यह पल इस बड़े अवसर की सच्ची भावना को दर्शाता था।

स्टैंड में बैठे कई लोगों के लिए, यह सिर्फ एक सामान्य औपचारिकता नहीं थी। यह एक बहुत ही भावनात्मक याद दिला रहा था। यह इस बात का महत्व बता रहा था कि भारत अपनी घरेलू धरती पर खेल रहा है। भारत एक ऐसे खिताब के लिए खेल रहा है जो उसे लंबे समय से नहीं मिला है। मैच में श्रीलंका की कप्तान चमारी अथापथ्थु ने टॉस जीता। उन्होंने पहले गेंदबाजी करने का महत्वपूर्ण फैसला किया। हालांकि, मैच जल्द ही बाधित हो गया। गुवाहाटी शहर में अचानक बारिश आ गई। बारिश के कारण खिलाड़ियों को मैदान छोड़ना पड़ा। यह सब मैच के सिर्फ 10 ओवर पूरे होने के बाद हुआ। ग्राउंड्समैन पिच को ढकने के लिए तेजी से दौड़ पड़े। भारत इस टूनामेंट में पसंदीदा टीमों में से एक के रूप में उतरा है। उनका मुख्य लक्ष्य अपना पहला महिला विश्व कप खिताब जीतना है।

# राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2025 के लिए आवेदन शुरू, खेल जगत के लिए बड़ा मौका

**नई दिल्ली।** केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्रालय ने 2025 के राष्ट्रीय खेल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। मंत्रालय ने सभी पात्र खिलाड़ियों, कोचों और खेल संस्थाओं को आवेदन करने का अवसर दिया है। यह पुरस्कार भारत में खेलों के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है।





## आवेदन प्रक्रिया

आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को मंत्रालय द्वारा उपलब्ध डेडिकेटेड पोर्टल www.dbtyas-sports.gov.in पर जाकर फॉर्म भरना होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 28 अक्तूबर 2025, रात 11:59 बजे है।

पुरस्कार की श्रेणियां

राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2025 में चार प्रमुख श्रेणियां शामिल हैं। इन पुरस्कारों का उद्देश्य न केवल खिलाड़ियों को सम्मानित करना है, बल्कि देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करना भी है।

**मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कारः** खेल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और उत्कृष्ट योगदान के लिए।

**अर्जुन पुरस्कारः** खेल में उल्लेखनीय प्रदर्शन और लगातार उत्कृष्टता दिखाने वाले खिलाड़ियों के लिए।

**द्रोणाचार्य पुरस्कारः** खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और कोचिंग में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कोचों के लिए।

**राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कारः** खेल संस्थाओं और कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए।

युवा मामले और खेल मंत्रालय ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि योग्य व्यक्तियों और संस्थाओं को जल्द से जल्द आवेदन करने का अनुरोध किया गया है। मंत्रालय ने बताया कि आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन होगी और सभी विवरण पोर्टल पर उपलब्ध हैं।

## खेल जगत के लिए अवसर

राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2025, खिलाड़ियों और कोचों के लिए प्रतिष्ठित सम्मान माना जाता है। यह उनके करियर और उपलब्धियों को मान्यता देने का एक बड़ा अवसर है। पिछले वर्षों में इन पुरस्कारों ने कई खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय ख्याती दिलाई और उन्हें और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# बुमराह-अक्षर और रेड्डी ने बढ़ाई प्लेइंग 11 की टेंशन, पंत की इंजरी से बिगड़ा टीम संयोजन

**नई दिल्ली।** एशिया कप फाइनल के केवल 3 दिन बाद ही टीम इंडिया टेस्ट क्रिकेट में वापसी करेगी। इतने छोटे गैप के कारण भारत के सामने प्लेइंग इलेवन को लेकर बड़ी चुनौती होगी। दुबई के तमाम ड्रामे और बिजी शेड्यूल के बाद अब मुख्य कोच गौतम गंभीर का फोकस वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज पर होगा। सफेद गेंद के ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले रेड-बॉल क्रिकेट में वापसी टीम इंडिया के लिए चुनौतीपूर्ण होगी। अहमदाबाद में होने वाले पहले टेस्ट में कप्तानी शुभमन गिल के पास होगी, जबकि जसप्रीत बुमराह को लेकर टीम सतर्क रहेगी।



बुमराह एशिया कप फाइनल खेल चुके हैं और महज 96 घंटे बाद फिर मैदान पर उतर सकते हैं। हालांकि, पहले टेस्ट में उनके खेलने पर संशय है। लेकिन टीम चयन के वक्त गंभीर ने कहा था कि बुमराह दोनों टेस्ट खेलेंगे।

वेस्टइंडीज की टेस्ट में कमजोर टीम को देखते हुए भारत मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा या नीतीश कुमार रेड्डी को मौका दे सकता है। वहीं बल्लेबाजी क्रम में साई सुदर्शन और देवदत्त पडिक्कल के लिए क्रम (नंबर 3 या 5) तय करना भी चयन की चुनौती है।

देवदत्त पडिक्कल और साई सुदर्शन के बल्लेबाजी क्रम पर सभी की नजर होगी। वहीं, देखना होगा कि क्या अक्षर पटेल को मौका मिलता है या नहीं। वहीं, देखना होगा कि आखिर जसप्रीत बुमराह इस टेस्ट में खेलते हैं या नहीं।

## साई सुदर्शन और देवदत्त पडिक्कल

करुण नायर को इंग्लैंड में औसत प्रदर्शन के बाद बाहर कर दिया गया है। अब चयनकर्ता युवाओं पर भरोसा कर रहे हैं। ऋषभ पंत की गैरहाज़िरी में नंबर 5 की समस्या बनी हुई है। सुदर्शन को नंबर 3 पर आजमाया जा रहा है।

## नीतीश कुमार रेड्डी की जगह?

उनकी जगह अहमदाबाद की पिच पर निर्भर करेगी। फिलहाल विकेट बैटिंग-फ्रेंडली दिख रहा है। अगर ऐसा रहा तो रेड्डी को मौका मिल सकता है और बुमराह को आराम दिया जा सकता है। लेकिन अगर रैंक टर्नर विकेट मिला तो अक्षर पटेल चौथे स्पिनर के रूप में खेल सकते हैं।

## जसप्रीत बुमराह की उपलब्धता

फाइनल के बाद सिर्फ तीन दिन के गैप में बुमराह की फिटनेस अहम है। प्रबंधन आखिरी समय पर फैसला करेगा। ऑस्ट्रेलिया दौरे को देखते हुए बुमराह को रोटेट किया जा सकता है। अगर वे नहीं खेलते तो प्रसिद्ध कृष्णा को मौका मिलेगा।

# बुमराह, कुलदीप और अक्षर को ब्रेक, शुभमन गिल समेत नेट्स में अन्य प्लेयर्स ने बहाया पसीना

**अहमदाबादः** जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल ने ब्रेक लिया जबकि भारतीय टीम के अन्य सदस्यों ने एशिया कप में शानदार जीत के दो दिन से भी कम समय बाद मंगलवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैच की सीरीज के पहले ट्रेनिंग के दौरान जमकर पसीना बहाया। कप्तान शुभमन गिल और मुख्य कोच गौतम गंभीर सहित टीम के सदस्य सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात को यहां पहुंचे और टीम ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में लगभग तीन घंटे तक अभ्यास किया।



इसके अलावा रविवार को सफेद गेंद के टूर्नामेंट एशिया कप के समापन और गुरुवार से शुरू होने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की एक सीरीज के बीच बहुत कम समय होने के कारण भारत को खिलाड़ियों के कार्यभार का प्रबंधन भी करना होगा। हल्के वार्म अप और कैचिंग के साथ शुरूआत के बाद सभी बल्लेबाजों ने लंबे समय तक नेट पर अभ्यास किया जबकि अन्य तेज गेंदबाजों ने भी कड़ी मेहनत की।

## सिराज और कृष्णा ने की लगभग 45 मिनट गेंदबाजी

मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने मौसम साफ होने के बाद लगभग 45 मिनट तक गेंदबाजी की। ये दोनों ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारत ए की ओर से दूसरे चार दिवसीय अनौपचारिक टेस्ट में भी खेले थे। दोनों दाएं हाथ के तेज गेंदबाज अच्छी लय में दिखे और बारिश के बाद अभ्यास विकेट पर अच्छी गति और उछाल हासिल किया। यहां पहुंचने के बाद पिच को देखने वाले गंभीर ने भारत का ट्रेनिंग सत्र समाप्त होने के बाद फिर से पिच का जायजा लिया।

## राहुल-जायसवाल अच्छी लय में दिखे जबकि गिल को हुई परेशानी

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और लोकेश राहुल के अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल भी शानदार लय में दिखे जिन्होंने दूसरे अनौपचारिक टेस्ट में भारत ए की कप्तानी की थी। मध्यक्रम के अन्य बल्लेबाज बी साई सुदर्शन और देवदत्त पडिक्कल भी अच्छी लय में दिखे लेकिन कप्तान गिल को भारतीय तेज गेंदबाजों और थ्रो डाउन विशेषज्ञ का सामना करते हुए कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ा। गिल ने कुछ गेंद बल्ले के बीच से खेली लेकिन कुछ पर चूक गए। साथ ही जब वह डिफेंस के लिए आगे बढ़े तो गेंद ने बल्ले का बाहरी किनारा भी लिया। एक बार वह तब हैरान भी हुए जब छाती की ऊंचाई की एक उठती हुई गेंद उनके दस्तानों पर लगी। फिर भी गिल ने अलग-अलग नेट पर बल्लेबाजी की और तेज गेंदबाजी, स्पिन और थ्रो डाउन के बीच हर संभव संयोजन के खिलाफ बल्लेबाजी की क्योंकि यह 26 वर्षीय खिलाड़ी पूर्णकालिक कप्तान के रूप में अपने पहले घरेलू टेस्ट में भारत की अगुवाई करने के लिए तैयार है।

## नितीश रेड्डी या देवदत्त पडिक्कल में से किसको मिलेगा मौका?

यह भारतीय टीम के लिए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में पहला घरेलू मैच भी होगा। टीम ने इंग्लैंड में अपने जज्बे और कौशल से सभी को प्रभावित किया था और कड़ी टक्कर वाली सीरीज 2-2 से बराबर की थी। शीर्ष चार स्थान तय होने के बाद यह देखना बाकी है कि टीम प्रबंधन नितीश रेड्डी और पडिक्कल में से अतिरिक्त बल्लेबाज के रूप में किसे चुनेगा। पडिक्कल ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट में 150 रन बनाने के बाद नेट में कोई गलती नहीं की जबकि रेड्डी ने भी शानदार लय दिखाई विशेषकर सिराज और प्रसिद्ध के साथ गेंदबाजी करते हुए।

रेड्डी के शामिल होने से टीम को तीसरा तेज गेंदबाजी विकल्प मिलेगा और यह देखना बाकी है कि क्या टीम प्रबंधन मैच शुरू होने से पहले मध्यक्रम में इस विकल्प को शामिल करता है। इन दोनों के एकादश के चयन की बहस में शामिल होने की संभावना है क्योंकि रविंद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप, सिराज और बुमराह सहित बाकी क्रम तय लग रहा है। एशिया कप फाइनल चार विकेट चटकाकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले कुलदीप वेस्टइंडीज की कमजोर टीम के खिलाफ बड़ी चुनौती साबित हो सकते हैं जिसे भारतीय परिस्थितियों में खेलने का अधिक अनुभव नहीं है। इससे पहले दिन में वेस्टइंडीज की टीम को इनडोर नेट पर अभ्यास करने के लिए मजबूर होना पड़ा क्योंकि बारिश के कारण उनका नेट सत्र केवल आधे घंटे का रह गया था।

# 124 पर गिरे 6 विकेट, फिर भारत ने बना डाले 269 रन, श्रीलंका को 271 का टारगेट; वर्ल्ड कप के पहले मैच में 4 खिलाड़ी चमके

**नई दिल्ली।** भारत ने पहले बैटिंग करते हुए श्रीलंका के सामने 271 रनों का लक्ष्य रखा है। बारिश से प्रभावित महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 के इस पहले मैच में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहल्ले गेंदबाजी का निर्णय किया था। भारत की सलामी बल्लेबाज और दुनिया की नंबर-1 बल्लेबाज स्मृति मंधाना सिर्फ 8 रन बनाकर आउट हो गईं। मगर भारत के लिए दीप्ति शर्मा और आठवें क्रम पर बैटिंग करते हुए अमनजोत कौर ने 57 रनों की दमदार पारी खेली।



भारतीय टीम की शुरूआत खराब रही, क्योंकि इन-फॉर्म बल्लेबाज स्मृति मंधाना सिर्फ 8 रन बनाकर आउट हो गईं। मंधाना कुछ दिन पहले ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार 2 शतकीय पारी खेलकर आई हैं, लेकिन वर्ल्ड कप के पहले ही मैच में फ्लॉप रहीं।

## बनाए 269, फिर टारगेट 271 कैसे?

भारतीय टीम ने इस मैच में 269 रन बनाए, फिर आखिर श्रीलंका को 271 रनों का टारगेट कैसे मिला। दरअसल मैच में बारिश आ गई थी, जिसके कारण प्रत्येक पारी में ओवरों की संख्या घटाकर 47 कर दी गई। टीम इंडिया ने कुल 269 रन बनाए, लेकिन उछर मेथड़ के कारण श्रेलंका को 47 ओवरों में जीत के लिए 271 रन बनाने होंगे।

# फ्रिट्ज को हराकर कार्लोस अल्कारेज बने जापान ओपन के विजेता

## साल का अपना आठवां एकल खिताब जीता

**स्पेन।** स्पेन के शीर्ष रैंकिंग के कार्लोस अल्कारेज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को जापान ओपन का खिताब अपने नाम किया। अल्कारेज ने फाइनल में दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को हराकर साल का अपना आठवां एकल खिताब जीता। अल्कारेज ने फ्रिट्ज को 6-4, 6-4 से हराकर करियर का 24वां एकल खिताब जीता। उन्हें पिछले हफ्ते लीवर कप टीम प्रतियोगिता में फ्रिट्ज के खिलाफ सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा था।



स्पेन के अल्कारेज ने मौजूदा सत्र में जीत-हार के अपने सत्र के रिकॉर्ड को बेहतर करते हुए टूर का सर्वश्रेष्ठ 67-7 हासिल किया और उन्हें सत्र के अंत में नंबर एक रैंकिंग की ओर कदम बढ़ाए। तोक्यो में यह फाइनल अल्कारेज के लिए मार्च के बाद से लगातार नौवां फाइनल था। फाइनल में उनका जीत-हार का रिकॉर्ड 7-2 है।

# भारतीय तीरंदाजी के भीष्म पितामह थे वीके मल्होत्रा

**नई दिल्ली।** मंझे हुए राजनीतिज्ञ होने के साथ भाजपा के अनुभवी नेता विजय कुमार मल्होत्रा काबिल खेल प्रशासक भी थे और उन्हें तीरंदाजी को देश के शीर्ष खेलों में शामिल कराने के लिये हमेशा याद रखा जाएगा। मल्होत्रा का मंगलवार को 93 वर्ष की उम्र में बढती उम्र से जुड़ी बीमारियों के कारण निधन हो गया।



उन्हें 2010 राष्ट्रमंडल खेल भ्रष्टाचार मामले में सुरेश कलमाड़ी के गिरफ्तार होने के बाद 26 अप्रैल 2011 से पांच दिसंबर 2012 तक भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) का कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया था। एक स्वच्छ और गैर टकरावपूर्ण प्रशासक के रूप में जाने जाने वाले मल्होत्रा ने आईओए को उस कठिन समय में मार्गदर्शन दिया जब देश की खेल छवि 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों के घोटाले से प्रभावित हुई थी। दरअसल अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने आईओए प्रशासन में कुछ हद तक पारदर्शिता लाने में कामयाबी हासिल की। वे गुटबाजी से जूझ रही इस संस्था की गंदी राजनीति से काफी हद तक दूर रहे।

मृदुभाषी और मिलनसार व्यक्तित्व वाले मल्होत्रा को दिल्ली स्थित अपने आधिकारिक आवास पर मीडिया से बातचीत करना बेहद पसंद था। उनके अंतरिम कार्यकाल के बाद चुनाव हुए लेकिन उसके बाद अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने आईओए को निलंबित कर दिया। अभय सिंह चौटाला को अध्यक्ष और ललित भनोट को महासचिव बनाने के बाद आईओए पर चार दिसंबर 2012 को प्रतिबंध लगाया गया जो 11 फरवरी 2014 को ही हट सका। मल्होत्रा आईओए के आजीवन अध्यक्ष बने। वह 1974 तेहरान एशियाई खेलों में भी भारतीय दल के अभियान प्रमुख थे। वह 40 साल से अधिक समय (1973 से 2015) तक भारतीय तीरंदाजी महासंघ के अध्यक्ष रहे और तीरंदाजों की पौध तैयार की। दिल्ली के भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू उनके कार्यकाल में एएआई कार्यकारी समिति के सदस्य थे।

म्यूनिख ओलंपिक 1972 में तीरंदाजी को ओलंपिक खेल के रूप में चुने जाने के एक साल बाद 1973 में गठित भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) के तहत तीरंदाजी ने मल्होत्रा के अथक प्रयासों से भारत में जड़ें जमा लीं। मल्होत्रा 1972 म्यूनिख ओलंपिक में भारतीय दल के साथ गए थे और वहीं उन्हें यह विचार आया।

मल्होत्रा से जुड़े रहे पुराने लोगों का कहना है कि म्यूनिख खेलों में भारतीय तीरंदाजी का कोई प्रतिनिधित्व नहीं था और वहां से लौटकर उन्होंने भारतीय तीरंदाजी संघ का गठन किया।

एएआई के संस्थापक अध्यक्ष बनने के बाद उन्होंने दिल्ली में 1973 में पहली सीनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी चैम्पियनशिप कराई। इसमें 50 महिला और पुरूष तीरंदाजों ने भाग लिया और बांस के बने धनुष बाण से यह खेली गई। मल्होत्रा और तत्कालीन एएआई महासचिव गोपेश मेहरा ने एशिया में तीरंदाजी की शुरूआत की और एशियाई तीरंदाजी महासंघ (जिसे अब विश्व तीरंदाजी एशिया के रूप में जाना जाता है) का गठन 1978 में एशियाई खेलों के दौरान बैंकॉक में किया गया। मल्होत्रा को उस संस्था का पहला अध्यक्ष और पीएन मुखर्जी को पहला महासचिव चुना गया।

**PUBLIC NOTICE**

**APPLICANT ADVOCATES SHRI J. B. JAIN**

**BEFORE THE MOTOR ACCIDENT CLAIMS TRIBUNAL, CLAIM TRIBUNAL, CITY CIVIL COURT, BHADRA, AHMEDABAD - 380 001.**

H.H.JUDGE SHRI D.G.RANA SAHEB.
COURT NO. 27

**FIXED ON:-07-10-2025 Exh.16 M.A.C.P.NO. 256/2021**

APPLICANT : M/S. B & S MEDICOLEGAL CONSULTANCY THROUGH ITS PARTNER (1) MAYA GITENDRA SHARMA HERSELF AND POA HOLDER OF THE APPLICANT NO.2. ADDRESSS :- MAYA KUTIR, 44 MAHALAXMI TENAMENT, BEHIND SUJATA FLATT, SHAHIBAUG, AHMEDABAD

(2) DOCTOR HITESH JAYANTIBHAI BHATT, FIRST FLOOR, "A" WING, SWAMI SHIVAND HOUSING SOCIETY LIMITED. ANDHERI, EAST, MUMBAI.

**VERSIS**

OPPONENT NO. (1) HONOUR OF MAHENDRA CAR NO. U.P.14.E.A. 6204, USHMAN NANNU CHAUDHARY, MANISH PARK,PAWI SADAKPUR, DISTRICT, DISTRICT :- GAZIABAD, STATE :- UTTAR -PRADESH.

WHEREAS, THE APPLICANT HAS FILED CLAIM PETITION IN THIS TRIBUNAL FOR COMPENSATION OF RS. 5,00,000/- (RUPEES FIVE LAKH ONLY) U/s. 166 of M.V. ACT ON FOR ACCIDENT CAUSED BY VEHICLE INVOLVED HONDA CAR NO. NO.G.J.1.K.W.3959 AND MAHENDRA CAR NO. U.P. 14.E.A.6204 DATED18-01-2020 AT 7-30 A.M. NATIONAL HIGHWAY OF DISTRICT GAJIYABAD TONICA CITY DISTRICT GAZIABAD UTTERPRADESH F.I.R. NO. 24/2020.

NOTICE OF THIS TRIBUNAL AGAINST ABOVE OPPONENT NO. 1 HAS BEEN RETURN UNSERVED SINCE LONG TIME.

HENCE,THIS PUBLIC NOTICE IS ISSUED BY THIS TRIBUNAL FOR ABOVE OPPONENT NO. 1 ISSUED BY THE TRIBUNAL FOR REMAIN PRESENT IN THIS COURT AT 11-00 O CLOCK

TAKE NOTICE OF THIS CLAIM THAT IT WILL BE HEARD BY COURT ON 07-10-2025

GIVEN UNDER MY HAND AND SEAL OF THE TRIBUNAL THIS 18TH DAY OF SEPTEMBER, 2025.

| DRAWN BY | | CHECKED BY | By ORDER |
|---|---|---|---|
| (R.N.PATEL) | Court Seal | (S.J.BHAGAT) | (H. S. DESAI) |
| ASSISTANT | | BENCH CLERK | REGISTRAR. |
| AHMEDABAD | | AHMEDABAD | CITY CIVIL COURT |
| CITY CIVIL COURT | | CITY CIVIL COURT | AHMEDABAD |

# दुर्गा विसर्जन-दशहरा पर ट्रैफिक डायवर्जन गाजियाबाद पुलिस ने जारी किया प्लान

- मेरठ रोड पर तीन दिन तक भारी वाहन नहीं चलेंगे जबकि दशहरे पर जीटी रोड पर दोपहर से रात तक डायवर्जन रहेगा
- मुरादनगर गंगनहर और घंटाघर रामलीला मैदान के आसपास वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी
- यातायात पुलिस ने डायवर्जन प्लान जारी कर दिया है और पार्किंग स्थल भी निर्धारित किए गए हैं

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आज से तीन दिन तक मेरठ रोड पर भारी वाहन नहीं चलेंगे। मुरादनगर गंगनहर पर दुर्गा मूर्ति विसर्जन के कारण गाजियाबाद और मोदीनगर के बीच भारी वाहनों की आवाजाही बुधवार सुबह आठ बजे से शुक्रवार शाम तक बंद रहेगी। इसी तरह दशहरे पर जीटी रोड पर घंटाघर रामलीला मैदान में रावण पुतला दहन के कारण भारी वाहन बृहस्पतिवार दोहपर एक बजे से देर रात तक नहीं चलेंगे।

कविनगर रामलीला मैदान के आसपास वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। यातायात पुलिस ने दोनों आयोजन के लिए डायवर्जन प्लान जारी किया है। घंटाघर रामलीला मैदान और कविनगर रामलीला मैदान के पास पार्किंग स्थल भी तय किए गए हैं।




### दशहरा पर बृहस्पतिवार को यह रहेगा डायवर्जनः रामलीला मैदान घंटाघर

- जीटी रोड पर साजन मोड़ से घंटाघर एवं मेरठ तिराहा से चौधरी मोड़ के बीच नो एंट्री के प्रतिबंध बृहस्पतिवार देर रात तीन बजे तक प्रभावी रहेंगे।
- जीटी रोड पर हापुड़ तिराहा से चौधरी मोड़ के बीच मालवाहक वाहन एवं बसों की आवाजाही बंद रहेगी। लालकुआं की ओर जाने वाले ऐसे वाहन हापुड़ तिराहा से पुराना बस अड्डा होते हुए अंबेडकर रोड से चौधरी मोड़ होकर आवाजाही करेंगे।
- ठाकुरद्वारा फ्लाईओवर से चौधरी मोड़ के बीच भी मालवाहक वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी।
- गोशाला फाटक से आने वाले मालवाहक वाहन जस्सीपुरा से घंटाघर की ओर नहीं जाएंगे। ऐसे वाहन हापुड़ तिराहा होते हुए गंतव्य को जाएंगे।
- ऑटो एवं ई रिक्शा का संचालन शंभु दयाल कॉलेज से रेलवे रोड कट के बीच बंद रहेगा।

### दुर्गा मूर्ति विसर्जन के कारण मेरठ रोड पर यह रहेगा डायवर्जन

- मेरठ की ओर से सभी प्रकार के मालवाहक वाहन एवं बस मोदीनगर एवं मुरादनगर गंगनहर की ओर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेंगे। ऐसे सभी वाहन दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे व हापुड़ होते हुए एनएच-नौ का प्रयोग कर गंतव्य के लिए जाएंगे।
- मोदीनगर की ओर से सभी प्रकार के मालवाहक वाहन एवं बस मुरादनगर गंगनहर की तरफ नहीं जाएंगे। ऐसे सभी वाहन राज चौपले से हापुड़ रोड होते हुए डीएमई का प्रयोग करेंगे। एएलटी की ओर से सभी प्रकार के मालवाहक वाहन एवं बस मुरादनगर की तरफ नहीं जाएंगे। ऐसे वाहन
- एएलटी से हापुड़ चुंगी होकर आत्माराम स्टील होते हुए एनएच-नौ के जरिए जाएंगे।
- गंगनहर पटरी मार्ग पर मेरठ में जानी एवं नानू से मुरादनगर की तरफ आवाजाही नहीं कर पाएंगे।
- पाइप लाइन मार्ग पर टीलामोड़ से सभी प्रकार के मालवाहक वाहन मुरादनगर गंगनहर की तरफ नहीं जाएंगे। ऐसे वाहन लोनी तिराहा से ईस्टर्न पेरीफेरलवे का प्रयोग कर डासना निकास पर उतरकर गंतव्य को जाएंगे।
- ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे से मालवाहक वाहन मुरादनगर की तरफ नहीं जाएंगे। ऐसे वाहन डासना निकास या डीएमई के जरिए गंतव्य को जाएंगे।

### यह रहेगी पार्किंग व्यवस्था

पार्किंग-1 कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स, रमते राम रोड कट।
पार्किंग-2 शंभुदयाल इंटर एवं डिग्री कॉलेज।
पार्किंग-3 नेहरू युवा केंद्र, अंबेडकर रोड।

### हेल्पलाइन नंबर

- यातायात नियंत्रण कक्ष- 9643322904
- यातायात निरीक्षक द्वितीय- राजकुमार भारद्वाज-7895012878
- यातायात निरीक्षक सप्तम-मनवीर सिंह-8433258920
- यातायात निरीक्षक अष्टम-जटाशंकर पाठक-8707676770

### रामलीला मैदान कविनगर

- सभी प्रकार के मालवाहक वाहन एवं बस का संचालन हापुड चुंगी से डायमंड तिराहा के बीच प्रतिबंधित रहेगा।
- कविनगर सी ब्लॉक टैगोर रोड से आने वाले सभी प्रकार के दोपहिया एवं चार पहिया वाहन केडीबी तिराहा से रामलीला मैदान मुख्य द्वार की तरफ नहीं जाएंगे। वाहन स्वामी केडीबी स्कूल एवं शूटिंग रेंज में वाहन खड़ा कर पैदल रामलीला मैदान जाएंगे।
- शास्त्रीनगर चौराहा से रहीम मार्ग होते हुए रामलीला मैदान की ओर आने वाले दोपहिया एवं चार पहिया वाहन बालाजी कार सिटी तिराहा से आगे रामलीला मैदान की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन स्वामी शनि मंदिर तिराहा होकर जैनमति उजागरमल इंटर कॉलेज एवं डीएस क्रिकेट एकेडमी में अपने वाहन खड़ा कर पैदल गेट नंबर-2 से रामलीला मैदान में प्रवेश करेंगे।

## भाजपा प्रचार के पलटवार में कांग्रेस ने किया वार

### जनता के बीच जाना है और लगाने हैं दफ्तर के बाहर पोस्टर



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जीएसटी की दर घटाने के बाद भाजपा इस विषय को लेकर जनता के बीच है। भाजपा के नेता, भाजपा के जनप्रतिनिधि बाजारों में जा रहे हैं और व्यापारियों के बीच जाकर जीएसटी घटाने के फायदे गिना रहे हैं। जीएसटी के सरकारी अधिकारी व्यापारियों के प्रतिष्ठान पर जाकर उन्हें लाभ बता रहे हैं। भाजपा के इस प्रचार के पलटवार में कांग्रेस आई है और कांग्रेस ने अब अपनी महिला टीमों के जरिये प्रचार शुरू किया है और अपने जिला और महानगर संगठनों को निर्देश दे दिये हैं। महिला टीमें जनता के बीच जा रही हैं और वो ये कह रहे हैं कि हमें इस बात का जवाब चाहिए कि पहले जीएसटी क्यों बढ़ाई और अब क्यों घटाई। वहीं कांग्रेस ने अपने शहर और जिलाध्यक्षों के लिये भी निर्देश जारी कर दिये हैं। जीएसटी से जुड़े पोस्टर तैयार होने हैं। कांग्रेस हाईकमान से पोस्ट का साइज भी आ गया है। 20७10 के साइज में ये पोस्ट लगाए जाने हैं। ये पोस्टर कांग्रेस के जिला और महानगर कार्यालय के बाहर भी लगेंगे। वहीं कांग्रेस की महिला विंग की पदाधिकारी भी मैदान में आ गई हैं। कांग्रेस आरटीआई प्रकोष्ठ की जिला चेयरमैन लज्जा यादव ने विभिन्न क्षेत्रों में जाकर प्रचार किया और जनता को ये समझाया कि सरकार ने हमें क्या दिया और महंगाई की दर क्या है। उन्होंने जीएसटी को लेकर भी कहा कि ये भाजपा का प्रायोजित प्रोपेगेंडा है और इससे जनता को कोई राहत नहीं मिलने जा रही है। कांग्रेस का ये अभियान जारी रहेगा और उसकी महिला विंग की पदाधिकारी जनता के बीच पहुंच रही हैं और विशेष रूप से महिलाओं के बीच जाकर वो प्रचार रही है।

## एक रात दो एनकाउंटर, विजयनगर व इंदिरापुरम पुलिस की कार्रवाई




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एक ही रात में दो मुठभेड़ हुईं। कोतवाली क्षेत्र की कार्रवाई की जानकारी एसीपी घंटाघर रितेश त्रिपाठी ने दी है उन्होंने बताया कि विजयनगर थाना पुलिस ने लूट व छीना-झपटी करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से 40 हजार रुपये, चोरी की साइकिल व अवैध असलहा बरामद किया। वहीं इंदिरापुरम क्षेत्र में मुठभेड़ का नेतृत्व कर रहे एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि स्वाट टीम ट्रांस हिंडन व इंदिरापुरम पुलिस ने समीर उर्फ कालू नामक बदमाश को घायल अवस्था में दबोचा। उसके पास से तमंचा, कारतूस व चोरी की बाइक बरामद हुई। बदमाश पर गाजियाबाद, नोएडा व दिल्ली-एनसीआर में डेढ़ दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोनों मामलों में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में हुआ माता की चौकी का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में नवरात्रि के पावन अवसर पर हॉस्टल के छात्र/छात्राओं के लिए माता की चौकी का आयोजन किया गया। जिसका संचालन संस्थान की हॉस्टल समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ माँ दुर्गा के विधिपूर्वक पूजन से हुआ, जिसमें संस्थान की निदेशक प्रो. (डॉ.) जसकिरण कौर एवं सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

माता की चौकी में भजन मंडली को आमंत्रित किया गया, जिसके द्वारा कई भक्ति गीत एवं भजनों की प्रस्तुति दी गयी, साथ ही मां भगवती की महिमा का गुणगान किया। जिन्हे सुन कर सभी उपस्थित छात्र/छात्राएं भक्ति में लीन नजर आये। इस अवसर पर सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में सुख-शांति की प्रार्थना की।

माता की चौकी में दुर्गा जी एवं सुदामा की झांकियों की भी प्रस्तुति की गयी, इसके साथ ही राधा कृष्ण के नृत्य के प्रस्तुति भी कलाकारों द्वारा की गयी। कार्यक्रम के दौरान 450 से अधिक छात्र/छात्राए उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में भंडारे का आयोजन किया गया, साथ ही सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद भी वितरित किया गया।

## खेलो ग्रामीण संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने की राज बब्बर से मुलाकात



**नई दिल्ली, करंट क्राइम।** राजभवन आवास, नई दिल्ली में 'खेलो ग्रामीण' संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद राज बब्बर से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर संगठन से जुड़े गोविन्द अग्रवाल और जावेद खान विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुलाकात के दौरान ग्रामीण स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने, प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को उचित मंच उपलब्ध कराने तथा खेलो ग्रामीण के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा हुई। राज बब्बर ने संगठन की पहल की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि इस तरह के प्रयास न केवल ग्रामीण अंचल के खिलाड़ियों को अवसर देंगे, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी नई खेल प्रतिभाओं का उदय होगा। बैठक का माहौल सकारात्मक और उत्साहवर्धक रहा।

## एक माह में 48,681 बिना हेलमेट के चालान

### नो हेलमेट - नो फ्यूल अभियान आगे भी रहेगा जारी

### डीसीपी और एडीसीपी ने चलाया अभियान




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक करने के लिए गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर द्वारा यातायात पुलिस ने 1 सितम्बर से 30 सितम्बर तक नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान चलाया।

अभियान के दौरान पेट्रोल पम्पों पर बिना हेलमेट पहुंचे वाहन चालकों को न केवल ईंधन देने से रोका गया, बल्कि मौके पर हेलमेट की अनिवार्यता और सड़क दुर्घटनाओं में इससे होने वाले लाभ के बारे में समझाया गया।

#### काटे गए ताबड़तोड़ चालान

करंट क्राइम : एडीसीपी ट्रैफिक सचिदानंद ने बताया है कि यातायात पुलिस ने इस दौरान सख्त कार्रवाई करते हुए 48,681 बिना हेलमेट चालकों के चालान काटे। अधिकारियों के मुताबिक, यह कदम लोगों में जागरूकता फैलाने और दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में कमी लाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। पुलिस ने बताया कि यह अभियान केवल नियम पालन कराने के लिए नहीं, बल्कि लोगों को यह संदेश देने के लिए भी चलाया गया कि हेलमेट आपकी सुरक्षा है, विकल्प नहीं।

#### पुलिस की अपील

करंट क्राइम : डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन ने कहा है कि यातायात पुलिस ने सभी दोपहिया वाहन चालकों से अपील की है कि वे स्वयं और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए हमेशा हेलमेट पहनें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

## श्री सुल्लामल रामलीला में विभीषण शरणागति अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति लीला का मंचन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर में चल रही ऐतिहासिक श्री सुल्लामल रामलीला में विभीषण शरणागति, अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति लीला का सुंदर मंचन किया गया। श्रीराम अपनी सेना के साथ समुद्र के किनारे डेरा डाल देते हैं। रावण के दूतों ने लंकापति को इसकी सूचना दी। विभीषण रावण की सभा में पहुंच कर भाई रावण को श्रीराम से बैर न लेने की सलाह देते हैं तथा राम की प्रशंसा करते हैं।

रावण क्रोध में आकर विभीषण को लात मार कर बाहर कर देता है। विभीषण राम की शरण में पहुंचता है। सुग्रीव द्वारा शंका जाहिर करने पर कि कहीं वह भेद लेने तो नहीं आया है, लेकिन राम कहते हैं कि भेद लेने आये हों तो भी हमें कोई हानि नहीं है। विभीषण रामजी के समक्ष शराणागत हो जाते हैं। दर्शकों ने रावण अंगद के संवाद की सराहना की।




## क्यों खाली चल रही है प्रोटोकॉल वाली सीट

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों एक बेहद महत्वपूर्ण पद खाली चल रहा है। इस पद पर किसको पोस्टिंग मिलेगी इसकी चर्चा जमकर चल रही है। उधर जिस तरीके से ट्रैफिक वाले साहब के लिए कमिश्नरेट में पद सृजित किया गया है, उसकी जानकारी मिली है कि बीते दिनों जब लखनऊ वाले प्रदेश के प्रमुख साहब आए थे, तो गाजियाबाद वाले साहब ने यहां पर ट्रैफिक वाले महकमें के लिए भी आईपीएस अधिकारी की मांग की थी, जो अब पूरी हो गई है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि प्रोटोकॉल वाले खाली पद पर अगर कमिशनरेट वाले सिस्टम से ही कुछ फेरबदल को लेकर निर्णय लिया गया, तो मामला चौंकाने वाला हो सकता है। उधर चर्चा इस बात की भी हो रही है कि कोई फेस बाहर से भी बुलाया जा सकता है। कुल मिलाकर प्रोटोकॉल वाला पद पुलिस कमिश्नरेट वाले गाजियाबाद सिस्टम में बेहद महत्वपूर्ण होता है। यहां पर तमाम तरीके के कानूनी दावपेंच से लेकर इसी फाइलों पर राय व पक्ष रखना होता है जो सीधे वरिष्ठ अधिकारियों से जुड़े रहते हैं। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में प्रोटोकॉल वाले पद पर विशेष अतिथियों के आगमन से लेकर अन्य तैयारियां और व्यवस्थाओं पर प्रोटोकॉल के स्तर से ही तैयारी की जाती हैं। यहां वाले पूर्व साहब का प्रमोशन होने के बाद से इस कुर्सी पर नए अधिकारी का वेट हो रहा है। कहा जा रहा है कि दशहरे के बाद यहां कुछ नया आदेश और फरमान सुनाया जा सकता है। इन सबके बीच जिस तरीके से बीते दिनों जब प्रदेश वाले साहब आए थे, तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के कई एसीपी के समय अवधि पूरे होने की जानकारी भी बाहर निकाल कर आ गई थी। तो बताया जा रहा है कि लखनऊ वाली लिस्ट से कुछ ऐसे नाम गाजियाबाद कमिश्नरेट में भेजे जाएंगे, जो अपनी मजबूत पैरवी करवा चुके हैं। सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि जल्द ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में तीन से चार एसीपी स्तर के अधिकारियों की आमद होने वाली है। जिसके बाद एक बार फिर दोबारा से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एसीपी के स्तर पर कार्यक्षेत्र में बदलाव की प्रबल संभावना है। अब ऐस में देखना होगा कि दशहरे के बाद वह लिस्ट कब आती है। जिससे पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टममें ट्विस्ट आएगा और नई लिस्ट आएगी।



## संजय नगर सेक्टर-23 में चोरों के हौसले बुलंद

### पुलिस नाकाम, व्यापारी हो रहे हैं परेशान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संजय नगर सेक्टर-23 में चोरी की वारदातों से व्यापारी परेशान हैं। ताजा मामला वैभव महेश्वरी के विभोर किचन सेंटर से जुड़ा है, जो पिछले 50 वर्षों से कारोबार कर रहे हैं।

पीड़ित के अनुसार, 29 सितंबर की रात दुकान बंद कर लौटने के बाद जब वे 30 सितंबर की सुबह पहुंचे तो देखा कि गल्ला खुला पड़ा था, गल्ले से करीब 2.5 से 3 लाख रुपये चोरी हो चुके थे और शटर भी ऊपर से टूटा हुआ था। पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है, लेकिन क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय व्यापारी नाराज हैं। उनका कहना है कि पुलिस अब तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं कर पाई है, जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं। इस मामले में पुलिस जल्द ही पुलिस कमिश्नर से भी मुलाकात करेंगे।

## मंदिर फंड के 20 करोड़ के उपयोग को लेकर ग्रामवासियों का धरना जारी

कल से मातृशक्ति भी जुड़ेंगी आंदोलन से



**शिकरी (गौतमबुद्धनगर)।** महामाया मंदिर प्रांगण में ग्रामवासियों का धरना और कार्मिक अनशन दूसरे दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता चाहत सिंह गुर्जर ने की तथा संचालन निर्दोष खटाना ने किया। अनशन पर बैठे वीर सिंह, सूबे सिंह, राजू गुर्जर, जगदीश चंदीला और परशुराम गुर्जर ने कहा कि जब तक माँगें पूरी नहीं होतीं, धरना समाप्त नहीं होगा।

ग्रामवासियों का आरोप है कि मंदिर के लिए स्वीकृत 20 करोड़ रुपये पर प्रशासन कब्जा जमाकर बैठा है, जबकि इस राशि से मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण, धर्मशालाओं का निर्माण और भवनों हेतु जमीन खरीदी जानी चाहिए। विकल प्रधान ने कहा कि नवरात्रि की समाप्ति के बाद गाँव की मातृशक्ति भी आंदोलन का हिस्सा बनेगी और रोजाना बड़ी संख्या में धरने पर उपस्थित रहेगी।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ. बबली गुर्जर ने बताया कि कल देर शाम तहसील से पटवारी, कानूनगो और नायब तहसीलदार धरने स्थल पर पहुँचे और अनशन समाप्त करने का आग्रह किया, लेकिन ग्रामवासियों ने स्पष्ट कर दिया कि समस्या का समाधान होने तक धरना और अनशन जारी रहेगा। धरने को संबोधित करने वालों में सतेंद्र शर्मा, राहुल प्रधान, निर्दोष खटाना, बीर सिंह, विकल प्रधान, राज वर्मा, राहुल कुमार, देव शर्मा, आजाद समाज पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष राहुल जाटव और ओमप्रकाश निवेश शामिल रहे। धरना स्थल पर परशुराम गुर्जर, जगदीश, जनेश गिरि, बॉबी यादव, सोनू प्रधान, राजू गुर्जर, मोनू गुर्जर, सुवे सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम

Aakash Jain AJ is with Pankaj Bhardwaj and 7 others.
1h

शास्त्री नगर जैन समाज के द्वारा आयोजित वार्षिक रथयात्रा महोत्सव में शामिल होने का अवसर मिला
जैन मंदिर शास्त्री नगर कमेटी के द्वारा दिए गए सम्मान के लिए बहुत बहुत आभार




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** स्वाभिमानी व्यक्ति के जीवन में उसकी सबसे बड़ी पूंजी उसका सम्मान होती है। सम्मान जब अपनों के बीच हो तो फिर वह और ज्यादा मन को प्रफुलित करता है। आकाश जैन को जब जैन समाज के कार्यक्रम में सम्मानित किया गया तो उन्होंने इस पल को फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। समाज सम्मान और आत्म गौरव की अनुभूति लिए यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# गाजा में शांति स्थापित करने में मदद को तैयार रूस, राष्ट्रपति ट्रंप के प्रयासों का किया स्वागत

**गाजा ।** रूस ने मंगलवार को कहा कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के किसी भी प्रयास का स्वागत करता है, जो गाजा में युद्ध को समाप्त करके शांति स्थापित करने की दिशा में हो। यह बयान ऐसे समय आया है जब ट्रंप ने सोमवार को इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ बातचीत के बाद 20-बिंदु वाला शांति प्रस्ताव पेश किया। इस प्रस्ताव में गाजा में युद्ध को तुरंत समाप्त करने और हमास की तरफ से पकड़े गए सभी बंधकों को 72 घंटे के भीतर छोड़ने का प्रस्ताव शामिल है।

'हमेशा से ट्रंप के प्रयासों का समर्थन' क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने पत्रकारों से कहा, 'रूस हमेशा ट्रंप के उन प्रयासों का समर्थन करता है और स्वागत करता है, जिनका उद्देश्य वर्तमान में हो रही त्रासदी को रोकना है। हम चाहते हैं कि यह योजना लागू हो और मध्य पूर्व में घटनाओं को शांतिपूर्ण रास्ते पर लाने में मदद करे।'



शांति योजना पर रूसी विदेश मंत्री का बयान रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने बताया कि रूस को इस शांति योजना के बिंदुओं के बारे में केवल मोटे तौर पर जानकारी दी गई है।

राज्य संचालित रेडियो चैनल वेस्टी एफएम ने बताया कि ट्रंप की योजना की सफलता हमास पर निर्भर करेगी, जो इसे समझने के लिए समय मांग रहा है। हमास ने मंगलवार को कहा कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गाजा शांति योजना पर विचार करके प्रतिक्रिया देगा। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पहले ही योजना का समर्थन कर चुके हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि हमास इस योजना पर सहमत होगा या नहीं।

इस योजना में कहा गया है कि युद्ध खत्म करने के बदले हमास को आत्मसमर्पण करके हथियार डालने होंगे। इसके अलावा योजना में फलस्तीनियों के लिए मानवीय मदद भेजने और गाजा के पुनर्निर्माण का वादा भी किया गया है।

इस्राइल-हमास युद्ध में 66 हजार फलस्तीनियों की मौत गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार इस्राइल-हमास युद्ध के दौरान 66 हजार फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है। इस बीच, गाजा से जुड़ी योजना को अंतरराष्ट्रीय समुदाय से समर्थन मिलना जारी है। इस्राइल के विदेश मंत्री गिडियन सार ने कहा कि उनके देश ने ट्रंप की योजना को स्वीकार कर लिया है और अब हमास को अपना रुख बताना है।

सार ने सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड में कहा, 'अब हम यह देखेंगे कि हमास राष्ट्रपति (ट्रंप) की योजना स्वीकार करता है या नहीं।' उन्होंने कहा, 'हम अपने बंधकों को दो साल बाद वापस आते देखना चाहते हैंङ्घ। हम एक नया गाजा भी देखना चाहते हैं, जो कट्टरपंथ मुक्त, हथियार मुक्त हो और इस्राइल व इसके नागरिकों के लिए कोई खतरा न बने।'

## पानी-बिजली संकट को लेकर आंदोलन का भयावह रूप

**एंटानानारियो ।** पानी और बिजली की कमी के चलते शुरू हुए युवाओं के आंदोलन ने मेडागास्कर की राजनीतिक परिदृश्य को पूरी तरह बदल कर रख दी है। देशभर में पिछले कुछ दिनों से चल रहे इस आंदोलन ने अब बड़ा रूप ले लिया है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय के मुताबिक, गुरुवार से शुरू हुए इन प्रदर्शनों में अब तक कम से कम 22 लोगों की मौत हो चुकी है और 100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।



इसी बीच आंदोलन के बढ़ते स्वरूप को देखते हुए राष्ट्रपति अंद्री राजोएलिना ने सोमवार को राष्ट्रीय टेलीविजन पर घोषणा करते हुए प्रधानमंत्री क्रिश्चियन न्टसे और उनकी पूरी सरकार को बर्खास्त कर दिया।

हालांकि, उन्होंने कहा कि नई सरकार बनने तक सभी मंत्री अंतरिम रूप से अपने पदों पर बने रहेंगे। राष्ट्रपति ने आम जनता से सरकारी पदों के लिए आवेदन करने की अपील भी की। इससे पहले राष्ट्रपति राजोएलिना ने ऊर्जा मंत्री को बर्खास्त किया था और राजधानी के एक गरीब इलाके का दौरा कर जनता से वादा किया था कि सरकार अब लोगों की जिंदगी बेहतर बनाने पर ध्यान देगी।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले, फिर भी साफ मुकर गए मोहम्मद यूनुस, भारत पर ही लगा दिए आरोप

**वॉशिंगटन ।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने एक बार फिर भारत के खिलाफ जहर उगला है। मोहम्मद यूनुस ने भारत पर फर्जी खबरें फैलाने का आरोप लगाया है। साथ ही बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले की बात से भी मोहम्मद यूनुस साफ मुकर गए हैं।



भारत पर लगाया फर्जी खबरें फैलाने का आरोप न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा से इतर मीडिया चैनल जीटियो के साथ बातचीत में मोहम्मद यूनुस ने कहा कि बांग्लादेश में कोई हिंदू विरोधी हिंसा नहीं है। यूनुस ने आरोप लगाया कि फिलहाल भारत की सबसे बड़ी खासियतों में से एक फर्जी खबरें फैलाना है। गौरतलब है कि मोहम्मद यूनुस ने यह दावा ऐसे समय किया है, जब पूरी दुनिया में बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ हिंसा को लेकर चिंता जताई जा रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तो बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा को बर्बर करार दिया था। बीते साल नवंबर में हजारों हिंदुओं ने बांग्लादेश की सड़कों पर उतरकर अंतरिम सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था।

इंटरव्यू के दौरान मोहम्मद यूनुस कहा कि जब बगावत के बाद शेख हसीना की सरकार गिरी तो उन्हें इससे बहुत राहत और खुशी मिली। मोहम्मद यूनुस ने कहा कि उन्हें बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि ऐसा कुछ हो जाएगा। यूनुस ने कहा कि जब प्रदर्शनकारियों ने अंतरिम सरकार के लिए मुख्य सलाहकार के तौर पर उनके नाम का प्रस्ताव दिया तो वे खुद भी हैरान रह गए थे क्योंकि वे कभी किसी से न मिले थे और न ही उन्हें जानते थे।

मोहम्मद यूनुस ने छात्र आंदोलन को बदनाम करने का आरोप लगाया मोहम्मद यूनुस ने न्यूयॉर्क के एक कार्यक्रम में आरोप लगाया कि भारत पर बांग्लादेश के छात्र आंदोलन को बदनाम करने की कोशिश कर रहा है और फर्जी खबरें फैलाकर शेख हसीना का समर्थन कर रहा है।

मोहम्मद यूनुस ने चेतावनी दी कि कोई भी विदेशी ताकत बांग्लादेश के अंदरूनी मामलों में दखल न करे।

## टेक्सास में कसीनो पार्किंग में शख्स ने की गोलीबारी दो लोगों की मौत-कई घायल, जांच में जुटे अधिकारी

**टेक्सास ।** अमेरिका के टेक्सास के एक सीमा शहर में साप्ताहांत के दौरान एक शख्स ने कसीनो की पार्किंग में गोलीबारी की। इसमें दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि आखिर उस व्यक्ति ने गोलीबारी क्यों की।





आरोपी केरयान रशान जोन्स (34 वर्षीय) को शनिवार रात गोलीबारी के कुछ घंटों बाद एक ट्रैफिक स्टॉप पर गिरफ्तार किया गया। घटना किकाफू लकी ईगल कसीनों की पार्किंग में हुई थी, जो ईगल पास के नजदीक है। पीछा करने के बाद पुलिस ने जोन्स को रविवार को सुबह स्कॉटडेल के पास पकड़ा गया। स्कॉटडेल, ईगल पास से करीब 290 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। विल्सन काउंटी शेरिफ कार्यालय ने यह जानकारी दी।

मैवरिक काउंटी के शेरिफ टॉम श्मरबेर के मुताबिक, दो लोगों की हत्या करने और पांच लोगों को घातक हथियार से नुकसान पहुंचाने के आरोप में जोन्स के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामले दर्ज किए गए हैं।

फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि जोन्स को कहां रखा गया है और क्या उसकी ओर से कोई वकील पैरवी कर रहा है या नहीं। टेक्सास के सार्वजनिक सुरक्षा विभाग के लेफ्टिनेंट क्रिस्टोफर ओलिवारेज ने कहा कि गोलीबारी किस वजह से हुई, इसकी अभी जांच चल रही है। टेक्सास पुलिस डिपार्टमेंट इस पूरे मामले की जांच कर रही है और उसने बताया कि जांच पूरी होने तक कसीनो बंद रहेगा।

## लंदन में महात्मा गांधी की प्रतिमा के साथ तोड़फोड़, भारत ने जताई कड़ी नाराजगी

**लंदन।** लंदन के टेविस्टॉक स्क्वायर में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के साथ की गई तोड़फोड़ की घटना को लेकर भारत ने कड़ी नाराजगी जताई है। ये घटना तब की है जब सोमवार को महात्मा गांधी की प्रतिमा के चबूतरे पर आपत्तिजनक भित्तिचित्र पाए गए, जिसे देखकर वहां मौजूद लोग और भारतीय समुदाय में गहरा आक्रोश फैल गया।



इसके बाद लंदन में भारत के उच्चायोग ने इस घटना पर कड़ी आपत्ति जताई। उच्चायोग ने सोशल मीडिया पर एक बयान जारी करते हुए कहा कि महात्मा गांधी की प्रतिमा के साथ किया गया यह शर्मनाक व्यवहार सिर्फ एक मूर्ति के साथ नहीं, बल्कि अहिंसा की भावना और गांधी जी की विरासत पर हमला है।

उच्चायोग ने स्थानीय प्रशासन से की कार्रवाई की मांग मामले में भारतीय उच्चायोग ने कहा कि उन्होंने यह इस घटना की बात को स्थानीय प्रशासन और मेट्रोपॉलिटन पुलिस के समक्ष उठाया है और तत्काल कार्रवाई की मांग की है। भारतीय अधिकारी मौके पर पहुंचकर प्रतिमा की मरम्मत और उसकी गरिमा बहाल करने के लिए काम कर रहे हैं।

## अदन की खाड़ी में कार्गो शिप पर हमला जहाज छोड़कर भागा चालक दल, हूती विद्रोहियों पर लगा आरोप

**वॉशिंगटन ।** हॉलैंड का झंडा लगे एक कार्गो जहाज पर सोमवार को अदन की खाड़ी में मिसाइल हमला हुआ। इस हमले में जहाज बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ है और चालक दल के दो सदस्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हमले के बाद चालक दल के सदस्य जहाज को छोड़कर भाग गया। अदन की खाड़ी में किसी जहाज पर हुआ यह हाल के समय में सबसे गंभीर हमला है। जिस जगह हमला हुआ, वह लाल सागर से कुछ दूरी पर है।



यमन के हूती विद्रोहियों पर लगा हमले का आरोप हमले का आरोप ईरान समर्थित यमन के हूती विद्रोहियों पर लगा है। हालांकि अभी तक हूती विद्रोहियों ने आधिकारिक तौर पर हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। फ्रांसीसी सेना के मेरीटाइम सेंटर ने दावा किया है कि कार्गो शिप पर हमला हूती विद्रोहियों द्वारा ही किया गया है। जिस कार्गो शिप पर हमला हुआ, उस पर बीती 23 सितंबर को भी हमले की असफल कोशिश हुई थी। वह हमला भी अदन की खाड़ी में किया गया था। अदन की खाड़ी, बाब अल मंदेब जलडमरूमध्य को लाल सागर से जोड़ती है। बाब अल मंदेब जलडमरूमध्य पूर्वी अफ्रीका को अरब प्रायद्वीप से अलग करता है।

अंतरराष्ट्रीय तेल व्यापार के लिए बेहद अहम है ये समुद्री रास्ता जिस जगह जहाज पर हमला हुआ, वह दुनिया के सबसे खास समुद्री रास्तों में से एक है। खासकर कच्चे तेल के व्यापार के लिए यह रूट बेहद अहम है।

## परमाणु हथियार नहीं छोड़ेंगे संयुक्त राष्ट्र में उत्तर कोरिया की दो टूक

**संयुक्त राष्ट्र ।** उत्तर कोरिया और वहां के सर्वोच्च नेता किम जोंग परमाणु कार्यक्रम को लेकर हमेशा से ही चर्चा में रहते आए हैं। इसी सिलसिले में उत्तर कोरिया एक बार फिर चर्चा में तब आया जब संयुक्त राष्ट्र महासभा की सालाना बैठक में उत्तर कोरिया के वरिष्ठ उप विदेश मंत्री किम सोन ग्योंग ने दो टूक कहा कि उनका देश कभी भी अपने परमाणु हथियार नहीं छोड़ेगा। उन्होंने इन हथियारों को दक्षिण कोरिया के साथ शक्ति संतुलन बनाए रखने के लिए जरूरी बताया। इस दौरान किम ने अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया द्वारा किए जा रहे सैन्य अभ्यासों को बढ़ते खतरे की तरह बताया। उत्तर कोरियाई उप विदेश मंत्री ने कहा कि इनकी वजह से कोरियाई प्रायद्वीप की सुरक्षा को अब पहले से ज्यादा खतरे का सामना है। उन्होंने कहा कि हम कभी भी परमाणु कार्यक्रम नहीं छोड़ेंगे। यह हमारे संविधान में शामिल है। हालांकि देखा जाए तो इस बार उत्तर कोरियाई नेता का भाषण पहले की अपेक्षा थोड़ा नरम था। उन्होंने अमेरिका का नाम लिए बिना दादागीरी करने वाली ताकतों और अनुचित आर्थिक नीतियों की आलोचना की, लेकिन किसी तरह की व्यक्तिगत टिप्पणी या भड़काऊ भाषा का इस्तेमाल नहीं किया। दक्षिण कोरिया ने आरोपों को किया खारिज दूसरी ओर संयुक्त राष्ट्र में उत्तर कोरियाई नेता की तरफ से लगाए गए इन आरोपों पर दक्षिण कोरिया ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।



## स्कूल इमारत ढहने से मलबे में दबे दर्जनों बच्चे एक की मौत, 12 घंटे बाद भी बचाव कार्य जारी

**जकार्ता ।** इंडोनेशिया में एक स्कूल इमारत के ढहने से दर्जनों बच्चे मलबे में फंस गए हैं। एक बच्चे की हादसे में मौत हो गई है। हादसे को 12 घंटे से ज्यादा का समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक राहत और बचाव कार्य पूरा नहीं हो सका है। मलबे में फंसे छात्रों को बचावकर्मियों द्वारा पानी और ऑक्सीजन पहुंचाया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मलबे में अभी भी 65 लोगों के दबे होने की आशंका है।



मलबे में कई शव देखे गए घटना इंडोनेशिया के पूर्वी जावा के सिदोअर्जो शहर के अल खोजिनी इस्लामिक बोर्डिंग स्कूल में हुई। कई घंटों के बचाव कार्य के बाद मलबे से आठ छात्रों को निकाला गया और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। बचावकर्मियों ने मलबे में कई शव देखने का दावा किया है, जिससे आशंका है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। फिलहाल बचावकर्मी जीवित लोगों को जल्द से जल्द मलबे से निकालने की कोशिश कर रहे हैं। छात्रों के परिजन मौके पर मौजूद हैं और अपने बच्चों की खबर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कई परिजन रोते-बिलखते देखे गए।

लापता 65 छात्रों में से अधिकतर सातवीं से 11वीं कक्षा के छात्र हैं, जिनकी उम्र 12 साल से लेकर 17 साल के बीच है। खोज और बचाव अभियान का नेतृत्व कर रहे एक अधिकारी ने बताया कि कंक्रीट के भारी स्लैब और अन्य मलबे के चलते बचाव कार्य बाधित हो रहा है। उन्होंने बताया कि बचाव कार्य के लिए भारी उपकरणों का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है क्योंकि भारी उपकरणों से ढहा हुआ मलबा और ढह सकता है। यही वजह है कि बचाव कार्य में देरी हो रही है।

पुलिस ने बताया- इमारत के अवैध विस्तार से हुआ हादसा प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि छात्र एक इमारत में दोपहर की प्रार्थना कर रहे थे, उसी दौरान इमारत गिर गई। उन्होंने बताया कि स्कूल इमारत का अनधिकृत विस्तार किया जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में एक 13 वर्षीय छात्र की मौत हो गई और 99 अन्य छात्र घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। अधिकारी इमारत के ढहने के कारणों की जांच कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि पुराना प्रार्थना कक्ष दो मंजिला था, लेकिन बिना अनुमति के दो और मंजिलें बनाई जा रही थीं। पुरानी इमारत की नींव कंक्रीट की दो मंजिलों का वजन नहीं संभाल पाई और ढह गई।

## पाकिस्तान के क्वेटा में जबरदस्त धमाका छह की मौत और 15 से ज्यादा घायल



**क्वेटा ।** पाकिस्तान के क्वेटा शहर में जबरदस्त विस्फोट हुआ है, जिसमें छह लोगों की मौत हुई है। धमाके में कई लोग घायल भी हुए हैं। क्वेटा पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी है। बलूचिस्तान के स्वास्थ्य विभाग के सचिव ने बताया कि बम विस्फोट के चलते क्वेटा के अस्पतालों में आपातकाल लागू कर दिया गया है। सभी डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टाफ, नर्सों आदि को ड्यूटी पर मौजूद रहने का निर्देश दिया गया है।

धमाके में छह लोगों की मौत पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, बम धमाका क्वेटा की जरगून

### अस्पतालों में इमरजेंसी घोषित

रोड के करीब हुआ। धमाके में कम से कम छह लोगों की मौत की खबर है और 15 अन्य घायल हुए हैं। बलूचिस्तान के स्वास्थ्य विभाग के मीडिया संयोजक ने बताया कि घायलों को सिविल अस्पताल समेत विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। बम धमाके का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि एक व्यस्त सड़क पर अचानक तेज धमाका हुआ, जिसकी चपेट में सड़क पर मौजूद कई लोग आ गए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह एक आत्मघाती धमाका है।

## वियतनाम में तूफान 'बुआलोई' के बाद भारी बारिश भूस्खलन और बाढ

**हनोई ।** वियतनाम में 'बुआलोई' तूफान की वजह से लगातार हो रही भारी बारिश ने हालात और बिगाड़ दिए हैं। इससे बाढ़ के साथ-साथ कई जगहों पर भूस्खलन की घटनाएं बढ़ी हैं। देश में इससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है और कई लोग अब भी लापता हैं। मंगलवार को राष्ट्रीय मौसम एजेंसी ने जानकारी दी कि पिछले चौबीस घंटों में वियतनाम के कुछ हिस्सों में 30 सेंटीमीटर से ज्यादा बारिश हुई है। एजेंसी ने चेतावनी दी कि भारी अभी जारी रहेगी।



### मरने वालों की संख्या बढ़कर 19 हुई

लंबे समय हो रही बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं हुईं, जिनसे सड़क संपर्क टूट गया और कई गांव अलग-थलग पड़ गए। ये घटनाएं उत्तर के सोन ला और लाओ काई प्रांतों से लेकर मध्य वियतनाम के न्गे आन प्रांत तक हुई हैं। बारिश और बांधों से छोड़ने के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ा, जिससे उत्तर में कई जगहों पर बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं हुईं। येन बाई क्षेत्र में थाओ नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर चला गया। घरों में पानी एक मीटर तक भर गया और लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाना पड़ा।

भारत पर लगाया फर्जी खबरें फैलाने का आरोप न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा से इतर मीडिया चैनल जीटियो के साथ बातचीत में मोहम्मद यूनुस ने कहा कि बांग्लादेश में कोई हिंदू विरोधी हिंसा नहीं है। यूनुस ने आरोप लगाया कि फिलहाल भारत की सबसे बड़ी खासियतों में से एक फर्जी खबरें फैलाना है। गौरतलब है कि मोहम्मद यूनुस ने यह दावा ऐसे समय किया है, जब पूरी दुनिया में बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ हिंसा को लेकर चिंता जताई जा रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तो बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा को बर्बर करार दिया था। बीते साल नवंबर में हजारों हिंदुओं ने बांग्लादेश की सड़कों पर उतरकर अंतरिम सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था।

राजधानी हनोई की कई सड़कों पर जलभराव हो गया। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि लाल नदी के पास रहने वाले लोग सावधानी बरतें। सरकारी मीडिया ने मंगलवार को बताया कि अब भी 13 लोग लापता हैं, जिनमें आठ मछुआरे शामिल हैं। तूफान बुआलोई इससे पहले शुक्रवार से फिलीपींस में 20 लोगों की जान ले चुका है।

यह तूफान सोमवार सुबह वियतनाम के तट पर पहुंचा और वहीं रुका रहा, जिससे खतरा और बढ़ गया। विशेषज्ञों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण इस तरह के तूफान पहले से ज्यादा तेज हो गए हैं। गर्म महासागर इन तूफानों को ज्यादा उर्जा देते हैं, जिससे तेज हवाएं, भारी बारिश और मौसम के पैटर्न बदलते हैं, खासकर पूर्वी एशिया में।

## नेपाल : दो साल की आर्यतारा बनी जीवित देवी मंदिर महल में श्रद्धालुओं ने किए दर्शन, कल राष्ट्रपति लेंगे आशीर्वाद

**काठमांडू ।** नेपाल की राजधानी काठमांडू में मंगलवार को दो साल आठ महीने की बच्ची आर्यतारा शाक्य को नई कुमारी यानी जीवित देवी के रूप में चुना गया। उन्हें परिवार के लोग घर से उठाकर भव्य जुलूस के साथ मंदिर महल तक लेकर गए। यह चयन नेपाल के सबसे बड़े और लंबे हिंदू पर्व दशैं यानी विजयादशमी के दौरान हुआ। दरअसल, नेपाल में इस त्योहार को दशैं ही कहा जाता है।

नेपाल में कुमारी परंपरा बेहद प्राचीन है। इस परंपरा के अनुसार दो से चार वर्ष की आयु की बच्चियों को जीवित देवी के रूप में चुना जाता है। उनके लिए कुछ विशेष मानक तय होते हैं- उनकी त्वचा, बाल, आंखें और दांत निर्दोष होने चाहिए। साथ ही, उन्हें अंधेरे से डरना नहीं चाहिए। माना जाता है कि कुमारी किशोरावस्था में पहुंचने पर सामान्य मनुष्य की तरह हो जाती है और तब नई देवी का चयन किया जाता है।

काठमांडू में हुआ भव्य जुलूस

आर्यतारा शाक्य को मंगलवार को सड़कों पर जुलूस के साथ मंदिर महल तक ले जाया गया। भक्तों ने उनके चरणों को माथे से छूकर आशीर्वाद लिया, फूल और पैसे अर्पित किए। यह भक्तों के बीच सबसे बड़ी श्रद्धा की निशानी मानी जाती है। गुरुवार को राष्ट्रपति समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उनसे आशीर्वाद लेंगे।



परिवार की भावनाएं आर्यतारा के पिता अनंत शाक्य ने कहा, ह्लवह कल तक मेरी बेटी थी, लेकिन आज देवी बन गई।ह्व उन्होंने बताया कि गर्भावस्था के दौरान उनकी पत्नी ने देवी का सपना देखा था और तभी परिवार को अहसास हो गया था कि यह बच्ची विशेष होगी। इससे पहले त्रिष्णा शाक्य 2017 से अब तक जीवित देवी रहीं और अब 11 वर्ष की उम्र में सामान्य जीवन में लौट गईं।

गाजा शांति योजना का आठ अरब-इस्लामी देशों ने किया स्वागत, कहा- वर की साझेदारी जरूरी

कुमारी के चयन का यह आयोजन नेपाल के प्रमुख त्योहार दशैं के आठवें दिन हुआ। यह पर्व 15 दिन तक चलता है और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है। इस दौरान दफ्तर और स्कूल बंद रहते हैं और लोग अपने परिवार के साथ पर्व मनाते हैं।

परंपरा और आधुनिक बदलाव कुमारी को बेहद सीमित जीवन जीना पड़ता है। वे बाहर केवल त्योहारों के समय निकलती हैं और कुछ चुनिंदा साथियों से ही खेल सकती हैं। पूर्व कुमारी साधारण जीवन में ढलने में दिक्कत महसूस करती हैं, यहां तक कि घरेलू काम और सामान्य पढ़ाई भी उनके लिए चुनौतीपूर्ण होती है।

कहा जाता है कि कुमारी से विवाह करने वाले पुरुष की आयु कम हो जाती है, इसलिए कई पूर्व कुमारी अविवाहित रह जाती हैं। हालांकि अब परंपरा में बदलाव आया है। कुमारी को निजी शिक्षक से शिक्षा दी जाती है, टीवी देखने की सुविधा है और सेवानिवृत्त कुमारी को सरकार की ओर से पेंशन भी मिलती है।

## कविनगर रामलीला समिति ने किया समाचार संपादक दीपक भाटी का अभिनंदन








गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कवि नगर रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव में इन दिनों भव्य मंचन चल रहा है। दैनिक करंट क्राइम के समाचार संपादक दीपक भाटी सोमवार को रामलीला महोत्सव में पहुंचे। यहां उनका स्वागत अभिनंदन रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ललित जायसवाल महामंत्री भूपेंद्र चोपड़ा और समिति के अन्य सदस्यों ने किया।

# कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने रामलीला और दुर्गा पूजा महोत्सवों में किया प्रतिभाग




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर आयोजित श्री रामलीला एवं दुर्गा पूजा महोत्सवों में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं साहिबाबाद विधायक सुनील कुमार शर्मा ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जटायु ने माता जानकी के लिए अपने प्राण त्यागे थे, जो हमें धर्म और कर्तव्य के लिए सर्वोच्च बलिदान की सीख देता है।

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि माँ दुर्गा की साधना हमें यह संदेश देती है कि असत्य और अधर्म पर सदैव सत्य और धर्म की विजय होती है। रामलीला का मंचन हमें भगवान श्रीराम के आदर्शों, त्याग, मर्यादा और न्यायप्रियता का स्मरण कराता है।

मंत्रीजी ने आगे कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हमारी सरकार भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें सचिन डागर, पवन रेड्डी, अशोक भाटी मदन राय, विनोद शर्मा और अन्य प्रमुख लोग शामिल थे।

## त्यौहारों से पहले महापौर ने प्रकाश विभाग संग की बैठक

# शहर के सभी वार्डों में हो समान कार्य, हर लाइट का हो जियो-टैग व रिकॉर्ड : महापौर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दीपावली से पूर्व महापौर सुनीता दयाल ने नगर निगम प्रकाश विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक कर जरूरी निर्देश दिए। बैठक में जीएम जल के पी. आनंद, प्रकाश प्रभारी आस कुमार, उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

महापौर ने कहा कि इस बार लाइटें समय से निगम को मिल गई हैं और अधिकांश वार्डों में लगनी भी शुरू हो गई हैं। त्योहार से पहले शहर को रोशन करने के लिए कार्य की गति और तेज होनी चाहिए। सभी लाइट इंस्पेक्टर अपने-अपने वार्डों का स्वयं निरीक्षण करें, बंद पड़ी लाइटों को तुरंत ठीक या बदला जाए और शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई हो। महापौर ने स्पष्ट किया कि हर नई/ठीक की गई लाइट का जियो-टैग फोटो व रजिस्टर रिकॉर्ड अनिवार्य रूप से बनाए रखा जाए। सभी वार्डों में कार्य एक समान होना चाहिए ताकि दीपावली पर पूरा शहर जगमगाए। साथ ही सभी पार्कों की सूची बनाकर उनमें भी प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर लाइट इंस्पेक्टर तरन्नुम नकवी, मनोज कुमार, देवेंद्र गिरी, अनिल त्यागी आदि उपस्थित रहे।

## पार्षद कुसुम गोयल ने नाले की दीवार रिपेयर के कार्य का किया शुभारंभ



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली सेक्टर 1 में नाले की दीवार रिपेयर और प्लास्टर के कार्य का शुभारंभ समाजसेवी के एल शर्मा द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया। यह कार्य पार्षद कुसुम गोयल द्वारा अपनी पार्षद निधि से करवाया जा रहा है।

पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल ने बताया कि क्षेत्र में लगातार विकास कार्य जारी है और इस कार्य को करवाने के लिए महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक का आभार प्रकट किया।

इस शुभ कार्य में क्षेत्र के प्रमुख लोगों ने भाग लिया, जिनमें न्यायाधीश आरके पांडे, भाजपा नेता अवधेश कटियार, शिव शंकर उपाध्याय, दिनेश शर्मा और अन्य लोग शामिल थे। सभी ने इस विकास कार्य के लिए पार्षद कुसुम गोयल की सराहना की और क्षेत्र के विकास के लिए उनके प्रयासों की प्रशंसा की।

## मिशन शक्ति 5.0: दुर्गा अष्टमी पर नगर आयुक्त ने किया त्रिदेवियों को नमन, भव्य जागरूकता रैली का शुभारंभ




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दुर्गा अष्टमी के अवसर पर नगर निगम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत भव्य जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने त्रिदेवियों की झांकी का नमन करते हुए रैली का शुभारंभ किया और कहा–शक्ति का अवतार है नारी, सशक्त नारी से ही बनेगा सशक्त समाज। रैली में नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज चंद्रपुरी की छात्राओं ने माता लक्ष्मी, काली और सरस्वती की सुंदर झांकियों के माध्यम से नारी शक्ति का संदेश दिया। वहीं निगम स्कूल की छात्रा ने परी की झांकी प्रस्तुत कर हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी और महिलाओं को जागरूक किया। रैली गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय से प्रारंभ होकर दुर्गा भाभी चौक तक निकाली गई। अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, कार्यक्रम प्रभारी पल्लवी सिंह, स्कूल की प्रधानाचार्या अंतिम चौधरी व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भव्य बना दिया।

अपर नगर आयुक्त ने बताया कि महापौर व नगर आयुक्त के निर्देशानुसार मिशन शक्ति 5.0 के तहत नगर निगम द्वारा नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति लगातार जन-जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। बैंड-बाजे के साथ निकली यह भव्य रैली आकर्षण का केंद्र बनी।

## संभव जनसुनवाई में मिले पांच संदर्भ नगर आयुक्त ने दिए तत्काल कार्रवाई के निर्देश



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम मुख्यालय में सोमवार को आयोजित संभव जनसुनवाई में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने विभागीय अधिकारियों के साथ आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुल पांच संदर्भ प्राप्त हुए– जिनमें निर्माण विभाग से दो, उद्यान विभाग से दो और प्रकाश विभाग से एक संदर्भ दर्ज हुआ। मुख्य शिकायतों में विजयनगर सेक्टर-9 के पार्क में लगे सबमर्सिबल को चालू करने का मुद्दा, वसुंधरा सेक्टर-1 में सड़क मरम्मत तथा पार्क में लाइट व्यवस्था सुधार, नंदग्राम में अवैध अतिक्रमण हटाना प्रमुख रहे। नगर आयुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को इन मामलों में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। संभव के बाद नगर आयुक्त ने टीम को स्थलीय निरीक्षण करने और समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान नगर निगम की सभी टीमें अपनी कार्य गति को और तेज करें ताकि जनता को असुविधा न हो। जनसुनवाई के दौरान अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, संयुक्त नगर आयुक्त ओमप्रकाश, प्रभारी उद्यान डॉ. अनुज, प्रभारी संपत्ति पल्लवी सिंह, महाप्रबंधक जल के.पी. आनंद और प्रभारी प्रकाश आश कुमार भी मौजूद रहे।

# वसुंधरा सेक्टर 7 में बारिश से रामलीला स्थल पर जलभराव, समिति कर रही व्यवस्थाएँ दुरुस्त

## मिशन शक्ति के अंतर्गत छात्राओं को मिला सम्मान




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा प्राचीन संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर धार्मिक रामलीला समिति (रजि.) द्वारा आयोजित श्रीरामलीला महोत्सव 2025 में सुबह से हो रही लगातार बारिश के कारण रामलीला मंच व मेला ग्राउंड में पानी भर गया। इसके चलते मैदान की स्थिति दयनीय हो गई और श्रद्धालुओं की बैठने की व्यवस्था प्रभावित हुई। समिति के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूरे दिन जलनिकासी, सफाई एवं व्यवस्था को पुनः दुरुस्त करने में लगे रहे ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। समिति के चेयरमैन नरेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि प्राकृतिक विपरीत परिस्थितियों के बावजूद हमारी टीम पूरी लगन से प्रयासरत है कि कार्यक्रम सुचारु रूप से सम्पन्न हो सके। इसी क्रम में सोमवार को रामलीला महोत्सव में मुख्य अतिथि निमिष पाटिल (डीसीपी, ट्रांस हिंडन), अभिषेक श्रीवास्तव (एसीपी, इंदिरापुरम) पधारे, जिनका समिति द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने मिशन शक्ति : नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन विषय पर प्रेरक विचार रखे और समाज को नारी सशक्तिकरण की दिशा में अग्रसर होने का संदेश दिया।

इस अवसर पर उन्होंने हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की टॉपर छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। समिति के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने व्यवस्थाओं को सामान्य बनाने और कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया।

### लाजपतनगर शनि चौक पर भंडारे का आयोजन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शनि चौक लाजपत नगर में श्रमिकों और ठेकेदारों के सौजन्य से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने प्रसाद ग्रहण किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ समाज सेविका फूलमती यादव, समाजवादी विचारक रामदुलार यादव और स्थानीय पार्षद प्रमोद राघव ने किया। उन्होंने हिंदू मुस्लिम एकता के लिए आयोजकों को बधाई दी और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में सद्भाव और भाईचारा बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षाविद रामदुलार यादव ने कहा कि श्रमिक साथियों ने जो कार्यक्रम किया है, हमें उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए और समाज में सद्भाव, भाईचारा और प्रेम बढ़ाने में एक दूसरे का सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों ने आयोजकों की सराहना की और प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम में रामदुलार यादव, फूलमती यादव, प्रमोद राघव पार्षद, मोहम्मद आलम ठेकेदार, अलाउद्दीन खान, भूषण आदि लोग उपस्थित रहे।

### उत्तराखंड जन कल्याण सांस्कृतिक समिति द्वारा सुंदर रामलीला मंचन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तराखंड जन कल्याण सांस्कृतिक समिति, डी ब्लॉक माँ देवी पार्क ब्रिज विहार गाजियाबाद द्वारा सातवें दिन का रामलीला मंचन का आयोजन बहुत ही सुन्दर तरीके से किया गया। इस अवसर पर बहुत ही सुन्दर तरीके से बाहुबली हनुमानजी की प्रस्तुति के साथ हनुमान जी की एंट्री दिखाई गयी।

सर्वप्रथम शबरी माता की सुन्दर प्रस्तुति हरी खोलिया द्वारा किया गया। हनुमान जी का अभिनय अमित कश्यप ने किया, जबकि बाली का अभिनय नरेश जोशी ने और सुग्रीव का अभिनय शेखर जोशी ने किया। रावण के सुन्दर अभिनय में योगेश पांडे ने अपनी प्रतिभा दिखाई।

समस्त कलाकार बृज विहार में ही निवास करते हैं और संस्था के टीम वर्क एवं अथक प्रयासों द्वारा प्रतिदिन नए नए आकर्षित दृश्यों को प्रस्तुत किया जा रहा है। उत्तराखंड जन कल्याण समिति की टीम में संरक्षक रणजीत सिंह रावत, अध्यक्ष तारादत्त नैलवाल, महासचिव नवीन जोशी और अन्य पदाधिकारी शामिल हैं।

कार्यक्रम की सफलता के लिए संस्था के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सक्रिय योगदान दिया है। रामलीला मंचन का आयोजन बृज विहार में किया जा रहा है और दर्शकगण बहुत ही मोहित हो रहे हैं।

# नवरात्रि पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने मधुबन बापूधाम योजना के 160 परिवारों को दिया बड़ा तोहफा

**नये भूखण्डों का नम्बरिंग ड्रॉ किया गया**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नवरात्रि के शुभ अवसर पर मधुबन बापूधाम योजना के कुल 160 आवंटियों के लिए भूखण्डों को अन्यत्र स्थान पर शिफ्ट किये जाने के पश्चात नये भूखण्डों का नम्बरिंग ड्रॉ मंगलवार को हिन्दी भवन, लोहिया नगर, गाजियाबाद में प्रातः 11:00 बजे से सचिव की अध्यक्षता में ड्रॉ समिति के सदस्यों एवं जनसामान्य की उपस्थिति में पूरी शुचिता एवं पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हुआ। मधुबन बापूधाम के पॉकेट-ई0 में वर्ष 2010 से 2012 के मध्य शमशान घाट के समीप आवंटित भूखण्डों जिनमें 115 वर्ग मी0 के 50 भूखण्डों, 60 वर्ग मी0 के 89 भूखण्डों, 40 वर्ग मी0 के 21 भूखण्डों के आवंटियों के द्वारा पिछले कई सालों से प्रभावित आवंटियों द्वारा प्राधिकरण से लगातार अनुरोध किया जा रहा था कि उन्हें वैकल्पिक स्थान प्रदान किया जाए। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने व्यक्तिगत रूप से स्थिति की समीक्षा की और शीघ्र समाधान हेतु ठोस कदम उठाए। उनके निर्देश पर नई योजना के तहत लेआउट को दोबारा तैयार किया गया, जिसे प्राधिकरण बोर्ड से विधिवत अनुमोदन भी प्राप्त किया। उन्होंने कहाँ कि प्राधिकरण का लक्ष्य है कि हर आवंटी को ऐसा घर मिले जहाँ उनका परिवार सुरक्षित, स्वस्थ और गरिमापूर्ण जीवन व्यतीत कर सके। प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने कहा, आवंटियों का संतोष ही हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। हमें प्रसन्नता है कि हम नवरात्रि जैसे शुभ अवसर पर परिवारों को राहत दे पा रहे हैं।

# डिजिटल युग की रामलीला में श्रद्धा का उमंगमय वातावरण





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 83 में हनुमान भक्त मण्डली श्री रामलीला समिति द्वारा आयोजित हाई-टेक रामलीला का चौथा दिन भक्तिभाव और उत्साह से सराबोर रहा। लालचन्द स्कूल प्रांगण में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी और सम्पूर्ण परिसर जय श्रीराम के गगनभेदी नारों से गूंजता रहा।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा, राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल, शहर विधायक संजीव शर्मा, पार्षद राहुल शर्मा, पार्षद हिमांशु शर्मा, पार्षद सचिन डागर सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने समिति के प्रयासों की सराहना की और कहा कि डिजिटल युग में इस प्रकार की हाई-टेक रामलीला आने वाली पीढ़ी को धर्म और संस्कृति से जोड़ने का कार्य कर रही है।

रामलीला मंचन में प्रस्तुत प्रसंगों ने उपस्थित दर्शकों को प्रभु श्रीराम की मयार्दा, त्याग और आदर्शों की याद दिलाई। मंचन की भव्यता और तकनीकी नवाचारों ने इसे विशिष्ट रूप प्रदान किया और दर्शकों ने भक्तिभाव से सभी दृश्यों का आनंद लिया।

कार्यक्रम में जय श्रीराम के उद्घोष और श्रद्धालुओं की आस्था ने वातावरण को राममय बना दिया। यह आयोजन क्षेत्र में सांस्कृतिक समरसता और धार्मिक आस्था का प्रतीक बन गया है। पार्षद कविता प्रवीन भाटी ने भी इस आयोजन की सराहना की और कहा कि यह आयोजन क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

समिति के अध्यक्ष अशोक गुप्ता आटे व मुख्य संयोजक प्रवीन भाटी व समस्त टीम के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि डिजिटल युग में इस प्रकार की हाई-टेक रामलीला आने वाली पीढ़ी को धर्म और संस्कृति से जोड़ने का कार्य कर रही है।

# आरकेजीआईटी में इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स पर एक्सपर्ट टॉक का आयोजन





**गाजियसाबाद, करंट क्राइम।** राज कुमार गोयल प्रौद्योगिकी संस्थान (आर.के.जी.आई.टी.), गाज़ियाबाद में 29 सितंबर 2025 को इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स विषय पर एक ज्ञानवर्धक एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कविंद्र सिंह, सीनियर मैनेजर, पेटेंट एंड ऑपरेशन, इनोबल आई पी, नोएडा ने अपने अनुभव साझा करते हुए आई.पी.आर., पेटेंट फाइलिंग एवं उसकी प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अनुसंधान कार्य को पेटेंट कराना शोधकर्ताओं और संस्थान दोनों के लिए कितना महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम का संयोजन डॉ. डी.के. चौहान (एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, आर.के.जी.आई.टी.) द्वारा किया गया तथा संचालन डॉ. विजय अग्रवाल और डॉ. मुनींद्र मोहन वार्ष्णेय (आर.के.जी.आई.टी. फामेर्सी) ने संयुक्त रूप से किया।

डॉ. लक्ष्मण प्रसाद (ग्रुप एडवाइजर) ने पेटेंट प्रोसेस और उससे जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचार रखते हुए फैकल्टी को अपने शोध कार्य को पेटेंट कराने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं डॉ. डी.के. चौहान ने पेटेंट प्रक्रिया को सरल बनाने और संस्थागत स्तर पर सहयोग प्रदान करने की बात कही। इस अवसर पर डॉ. आर.के. यादव (डीन एकेडमिक्स), सभी डीन, हेड ऑफ डिपार्टमेंट्स और फैकल्टी सदस्यों की सक्रिय उपस्थिति रही। समापन सत्र में अक्षत गोयल (वाइस चेयरमैन, आर.के.जी.आई.टी.), डॉ. बी.सी. शर्मा (डायरेक्टर), एच.जी. गर्ग (चीफ प्रॉक्टर) तथा डॉ. लक्ष्मण प्रसाद (ग्रुप एडवाइजर) ने अपने प्रेरणादायी विचार प्रस्तुत किए और अतिथि वक्ता का आभार व्यक्त किया। सभी गणमान्य अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।